

राष्ट्रीय दैनिक


# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।



खाने के तुरंत बाद क्यों हो जाती है ...8


दैनिक बुद्ध का संदेश 9795951917,9415163471 @budhakasandesh budhakasandeshnews@gmail.com www.budhakasandesh.com

शुक्रवार, 31 मार्च 2023 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्ष: 10 अंक: 99 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रुपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


## रामनवमी के आयोजन के दौरान ढंसी मंदिर की छत, कई श्रद्धालुओं की मौत

### पीएम मोदी ने जताया दुख, मजिस्ट्रेट जांच के आदेश जारी

इंदौर। मध्य प्रदेश के इंदौर में रामनवमी के मौके पर बड़ा हादसा हो गया जिसमें कई लोगों की मौत हो गई। हादसा मंदिर में हुआ जहां राम नवमी के मौके पर यज्ञ का आयोजन हो रहा था, तभी मंदिर के नीचे बनी बावड़ी की छत ढंस गई, जिससे 25 लोग नीचे पानी में जा गिरे। इस घटना में 11 लोगों की मौत की सूचना है। इस हादसे के बाद मजिस्ट्रेट जांच के आदेश भी जारी कर दिए गए है। जानकारी के मुताबिक अब तक 19 लोगों का रेस्क्यू हो चुका है। अब भी कई लोग नीचे फंसे हुए हैं जिन्हें निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। रेस्कयू ऑपरेशन चलाने में परेशानी हो रही है क्योंकि यहां बावड़ी में नीचे काफी पानी है। ऐसे में पानी निकालने के लिए भी इंतजाम किए गए है। मोटर से पानी निकालने की कोशिश हो रही है। जिलाधिकारी डॉ. टी. इलैयाराजा ने बताया कि हादसे में अब तक 11 लोगों की मौत हो चुकी है। उन्होंने बताया कि राज्य आपदा मोचन बल की मदद से बचाव अभियान जारी है और अब तक करीब 20 लोगों को बचाया जा चुका है। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन ऐसे सार्वजनिक स्थानों को चिह्नित करेगा, जहां इस तरह के हादसे होने की आशंका है। अधिकारियों ने बताया कि मंदिर के संकरी जगह में बने होने के कारण बचाव कार्य में बाधा आई और इस दौरान मंदिर की एक दीवार तोड़ कर पाइप इसके भीतर डाला गया और बावड़ी का पानी मोटर से खींचकर बाहर निकाला गया।



## जम्मू कश्मीर में कठुआ जिले में आईईडी विस्फोट से जमीन में हुआ गड्ढा, जांच में जुटी टीम

जम्मू कश्मीर बीती रात ब्लास्ट की खबर सामने आई है। होने से जमीन में एक बड़ा गड्ढा हो गया है। इसकी जानकारी अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि हीरानगर पुलिस थाना क्षेत्र में दोरदार आवाज आई थी, जिससे यह एक आईईडी विस्फोट प्रतीत होता है। ऐसा संदेह है कि आईईडी को एक ड्रोन द्वारा ले जाया जा रहा था और सीमा के करीब वह गलत स्थान पर गिर गया। कठुआ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) शिवदीप सिंह जम्वाल ने को बताया कि बुधवार रात करीब साढ़े नौ बजे विस्फोट की सूचना मिली। सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम घटना स्थल पर पहुंची और सर्च ऑपरेशन को शुरू किया। राहत की बात बै कि घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।



जम्मू–कश्मीर के कठुआ जिले में भारत–पाकिस्तान सीमा के पास हीरानगर में ये धमाका हुआ है। ब्लास्ट के बाद इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। वहीं जानकारी सामने आई है कि ब्लास्ट इतना शक्तिशाली था कि विस्फोट

### विस्फोट से हुआ गड्ढा

सीमा चौकी से महज 300 मीटर की दूरी पर स्थित सानियाल गांव निवासी एवं खंड विकास समिति (बीडीसी) के अध्यक्ष राम लाल कालिया ने कहा, '' बुधवार रात करीब साढ़े नौ बजे हमने विस्फोट की आवाज सुनी। मैंने चौकी प्रभारी को सूचित किया जिन्होंने विस्फोट की आवाज सुने जाने की पुष्टि की।'' उन्होंने बताया कि डेढ़ घंटे के बाद विस्फोट स्थल का पता चल पाया। विस्फोट से एक खेत में एक बड़ा गड्ढा हो गया है। शुरुआती जांच में पुलिस की टीम ने इसे किसी आतंकी घटना होने से इंकार किया है। इस मामले में पुलिस हालांकि हर तरह से जांच कर रही है। वहीं किसी तरह की घुसपैठ की संभावना से भी इंकार भी किया जा रहा है। पुलिस ये भी पता करने में जुटी है कि इस घटना के पीछे कौन है। इस विस्फोट को करने के पीछे क्या मकसद है।

## मुंबई आतंकी हमले के षडयंत्रकारियों से भारी कीमत वसूली जानी चाहिए: इजराइली संसद के अध्यक्ष ने कहा

यरुशलम। भारत की अपनी पहली यात्रा से पहले, इजराइली संसद नेसेट के अध्यक्ष अमीर ओहाना ने कहा है कि 2008 के घृणित मुंबई आतंकी हमले के षडयंत्रकारियों से इसकी भारी कीमत वसूली जानी चाहिए और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई दोनों देशों के लिए साझा चिंता का विषय है। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के करीबी ओहाना पिछले साल दिसंबर में कार्यभार ग्रहण करने के बाद अपनी पहली आधिकारिक विदेश यात्रा पर भारत जाएंगे। उनकी चार दिवसीय यात्रा 31 मार्च को शुरू होगी। शिन बेट (इजरायल की आंतरिक सुरक्षा एजेंसी) के पूर्व अधिकारी ओहाना ने आतंकवाद को साझा चिंता बताते हुए कहा कि सभी प्रगतिशील देशों को एक साथ आने की जरूरत है ताकि इसका मुकाबला किया जा सके। ओहाना ने कहा कि भारत और इजराइल दोनों आतंकवाद की समस्या का सामना करते हैं और इसके खिलाफ संयुक्त लड़ाई है। ओहाना ने बताया, हम सब को मुंबई में 2008 में हुआ घृणित आतंकवादी हमला याद है, जिसमें 207 से अधिक लोगों की हत्या कर दी गई थी, उनमें 178 भारतीय थे। मारे गए विदेशी लोगों में दुर्भाग्य से इजराइली और यहूदी भी थे।'' उन्होंने कहा, यह हमला न केवल भारत पर बल्कि यहूदियों और किसी भी जगह के स्वतंत्र लोगों पर भी था। उन्होंने कहा कि यह भारत और इजरायल के साझा मूल्यों पर हमला था। ओहाना ने कहा, आतंकवादी संगठन लश्कर–ए–तैयबा की ओर से जिसने भी षडयंत्र रचा और आतंकवादियों को भेजा, उनसे इसकी भारी कीमत वसूली जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई सभी मुक्त देशों, खास कर भारत और इजरायल जैसे दो देशों के लिए एक जरूरत है।

## 'द एलीफेंट व्हिस्परर्स की टीम से पीएम मोदी ने की मुलाकात, सोशल मीडिया पर शेयर कर की फिल्म की सराहना

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को 'डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट सब्जेक्ट' श्रेणी में भारत के लिए पहला ऑस्कर पुरस्कार जीतने वाले वृत्तचित्र 'द एलीफेंट व्हिस्परर्स के निर्माण से संबंधित टीम के सदस्यों से मुलाकात की। कार्तिकी गोंजाल्विस द्वारा निर्देशित और गुनीत मोंगा द्वारा निर्मित तमिल के वृत्तचित्र 'द एलीफेंट व्हिस्परर्स' तमिलनाडु के एक अभयारण्य में मनुष्यों और एक परित्यक्त हाथी के बच्चे के बीच के बंधन की कहानी है। इसमें इंसान और जानवर के बीच के प्यार और उनके बंधन को खूबसूरती से दर्शाया गया है। मोदी ने गोंजाल्विस और मोंगा सहित तमिल वृत्तचित्र की टीम के कुछ सदस्यों से मुलाकात की। उन्होंने एक ट्वीट में कहा, ''द एलीफेंट व्हिस्परर्स की सिनेमाई प्रतिभा और सफलता ने वैश्विक ध्यान आकर्षित करने के साथ–साथ प्रशंसा भी हासिल की है। आज मुझे इससे जुड़ी शानदार टीम से मिलने का मौका मिला। उन्होंने भारत को बहुत गौरवान्वित किया है।'' इसके साथ ही मोदी ने टीम और उनकी ऑस्कर ट्राफियों के साथ तस्वीरें पोस्ट कीं। द एलीफेंट व्हिस्परर्स ने 95वें अकादमी पुरस्कारों में ''डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट सब्जेक्ट'' श्रेणी में पुरस्कार जीतने वाली पहली भारतीय फिल्म बनकर इतिहास रच दिया था।



## अयोध्या में राम नवमी की दिखी धूम, कड़ी सुरक्षा के बीच उत्साह से मनाया गया त्योहार

अयोध्या। राम नगरी अयोध्या में बृहस्पतिवार को भगवान राम का जन्मोत्सव यानी राम नवमी का त्योहार कड़ी सुरक्षा के बीच पूरे धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। प्रशासन के सूत्रों ने बताया कि करीब 10 लाख श्रद्धालुओं ने आज सुबह सरयू नदी में पवित्र डुबकी लगाई और बाद में कनक भवन, हनुमानगढ़ी और नागेश्वरनाथ सहित सभी प्रमुख मंदिरों के दर्शन किए। हिंदू पंचांग के चौत्र माह में शुक्ल पक्ष की नवमी को मनाए जाने वाले भगवान राम के जन्मोत्सव का स्वागत करने के लिए भक्तों की भारी भीड़ मौजूद रही। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) मधुबन सिंह ने बताया, भक्तों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरे अयोध्या शहर में बड़ी संख्या में पुलिस और अर्धसैनिक बल के जवानों को तैनात किया गया। रामनवमी मेले के इस बड़े धार्मिक आयोजन के लिए कोई चरमपंथी खतरा नहीं है, लेकिन हमने सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव व्यवस्था की है। अयोध्या में सुबह–सुबह सूर्य को अर्घ्य देने के साथ रामनवमी पर्व की शुरुआत हुई। माना जाता है कि दोपहर के समय जब भगवान राम का जन्म हुआ था अयोध्या के सभी मंदिरों में विशेष पूजा–अर्चना की गई थी। राम नवमी पर लोगों ने भगवान राम को समर्पित भक्ति गीत गाए और उनके जन्म का जश्न मनाने के लिए प्रतीकात्मक रूप से राम लला की प्रतिकृतियों को पालने में झुलाया। कई मंदिरों से राम, उनकी पत्नी सीता, भाई लक्ष्मण और भक्त हनुमान की रथ यात्रा (रथ जुलूस) निकाली गई। लाखों की संख्या में लोग पवित्र नदी सरयू के तट पर एकत्रित हुए और पवित्र स्नान किया तथा कुछ अन्य लोगों ने उपवास रखा। इस बीच, रामनवमी के अवसर पर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने राम जन्मभूमि परिसर में ताजे फूलों से सुंदर सजावट की थी। मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास द्वारा विशेष पूजा–अर्चना की गई और रामलला ने हरे रंग के वस्त्र धारण किए।



## रैली के दौरान की थी रुपयों की बारिश, डीके शिवकुमार के खिलाफ गैर संज्ञेय अपराध दर्ज

चुनाव प्रचार के दौरान नकदी वितरित करने के आरोपों को लेकर कांग्रेस की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष वी डी शिवकुमार के खिलाफ शिकायत के बाद पुलिस ने इस मामले में एक गैर–संज्ञेय अपराध दर्ज किया है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने मांड्या तालुक के बेविनाहल्ली में मंगलवार को ''पैसे फेंके थे। इसके एक दिन बाद ही बुधवार को निर्वाचन आयोग ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव की घोषणा कर दी थी। मांड्या के पुलिस अधीक्षक यातिश एन ने 'पीटीआई–भाषा' से कहा, ''हमने अभी तक प्राथमिकी दर्ज नहीं की है। इस संबंध में गैर संज्ञेय अपराध दर्ज किया गया है और मामले को अदालत का निर्देश प्राप्त करने के लिए उसके सामने पेश किया जाएगा।'' इस बीच, मांड्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि शिवकुमार केवल उन कलाकारों को पैसे दे रहे थे, जिन्होंने पार्टी के प्रचार अभियान के दौरान एक सांस्कृतिक कार्यक्रम किया था।



## अमृतपाल सिंह देश छोड़कर भागने की फिराक में, नेपाल के रूट से इस देश में जा सकता है, हाई अलर्ट किया घोषित

नई दिल्ली। पंजाब पुलिस की गिरफ्त से भाग रहा खालिस्तानी नेता और वारिस पंजाब दे का अमृतपाल सिंह नेपाल के रास्ते पाकिस्तान भागने की फिराक में है। अमृतपाल को भारत से पाकिस्तान लाने के लिए पड़ोसी मुल्क की खूफिया एजेंसी आईएसआई भी काम में जुटी हुई है। जैसे ही ये जानकारी सामने आई है अब हर तरफ खुफिया अलर्ट घोषित हो गया है। बता दें कि इससे पहले सूचना थी कि अमृतपाल सिंह नेपाल के रास्ते पाकिस्तान जाने की कोशिश में जुटा हुआ है। मगर आईएआई तक पहुंचने की उसकी कोशिश को नाकाम कर दिया गया। विदेश जाने की नाकाम कोशिश के बाद उसे दोबारा से पंजाब लौटना पड़ा। वो अब भी पंजाब में लगातार मारा–मारा फिर रहा है। पुलिस पुरे पंजाब में उसकी धर पकड़ के लिए सर्च अभियान चला रही है। खालिस्तानी समर्थक अमृतपाल कई दिनों से लगातार फरार चल रहा है जिसकी तलाशी में पंजाब पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। इससे पहले अमृतपाल सिंह ने 29 मार्च को अपना वीडियो बना कर जारी किया था, जिसमें कहा था कि मेरे वीडियो से भ्रम फैलाने की कोशिश हो रही है। मैंने गिरफ्तारी की शर्ते रखीं है मगर ये सब झूठ है। उनके खिलाफ सरकार की कार्रवाई उनकी गिरफ्तारी नहीं बल्कि सिख समुदाय पर हमला है। आगे उसने कहा कि अगर सरकार उन्हें गिरफ्तार करना चाहती तो घर से ही गिरफ्तार कर सकती थी। यह कहते हुए कि कोई उन्हें नुकसान नहीं पहुंचा सकता, अमृतपाल ने कहा कि उन्हें गिरफ्तार होने का डर नहीं है। बता दें कि अमृतपाल सिंह की तलाश 6 राज्यों में लगातार हो रही है जिसमें पंजाब, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और हरियाणा शामिल हैं। पुलिस इन सभी राज्यों में स्थित होटल, धर्मशालाओं में लगातार सर्च अभियान चला रही है। सोशल मीडिया पर लगातार आ रही फुटेज के हिसाब से अमृतपाल सिंह बार बार अपना हुलिया बदल रहा है जिसके चलते उसे पकड़ना थोड़ा मुश्किल हो रहा है।








## आईपीएल से पहले गर्जे ललित मोदी,राहुल गांधी के खिलाफ यूके में केस करने की तैयारी, भगौड़ा साबित करने की दी चुनौती

आईपीएल के संस्थापक रहे ललित मोदी ने राहुल गांधी पर जमकर हमला बोला है। ललित मोदी ने ट्वीट कर राहुल गांधी को कोर्ट में घसीटने की धमकी तक दे डाली है। ललित मोदी ने ब्रिटेन की अदालत में राहुल गांधी के खिलाफ मामला दर्ज करने की धमकी दी है। ललित मोदी ने राहुल गांधी के बयानों पर पलटवार किया है। उन्होंने मोदी सरनेम विवाद में सांसद सीट गंवाने वाले नेता द्वारा भगौड़ा कहे जाने पर आपत्ति जताई है। बता दें कि राहुल गांधी ने वर्ष 2019 में कर्नाटक के कोलार में एक आयोजित की गई चुनावी रैली के दौरान कहा था कि, सभी चोरों का एक ही सरनेम है मोदी। इस मामले पर राहुल गांधी की संसद सदस्यता जा चुकी है। वहीं अब ललित मोदी ने भी उनके खिलाफ सख्त कदम उठाने की धमकी दी है। गौरतलब है कि मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ललित मोदी को भगोड़ा घोषित किया गया है। इसके बाद भी ललित मोदी खुद को सामान्य नागरिक ही बता रहे है। इस संबंध में ललित मोदी ने राम नवमी के दिन लगातार कई ट्विट कर कांग्रेस और राहुल गांधी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि मैं भगोड़ा हूं इसका क्या सबूत है, किस आधार पर भगोड़ा बुलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे कभी दोषी नहीं ठहराया गया है, इसलिए वो एक सामान्य नागरिक है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता सिर्फ बदले की राजनीति कर रहे है। ललित मोदी ने कहा कि मैंने राहुल गांधी को तत्काल ही यूकी की अदालत में घसीटने का फैसला किया है। उन्हें अपने लिए ठोस सबूत इकट्ठे करने चाहिए और उनके साथ ही यहां आए। ललित मोदी सिर्फ राहुल गांधी पर हमला कर ही चुप नहीं हुआ। उन्होंने कांग्रेस पार्टी को भी जमकर लताड़ा है। उन्होंने कांग्रेस नेता आरके धवन, सीताराम केसरी, मोतीलाल वोहरा और सतीश शर्मा का नाम लेते हुए कहा कि सभी के पास विदेशों में संपत्ति है।



### राहुल को कहा पप्पू

ललित मोदी ने राहुल गांधी को पप्पू बोलते हुए कहा कि मैं पप्पू उर्फ राहुल गांधी की तरह नहीं हूं। मैं सामान्य नागरिक हूं। ये कह रहा हूं कि ऐसा लगता है कि विपक्षी नेताओं के पास करने के लिए कुछ नहीं बचा है। उन्होंने कहा कि मैंने 15 सालों में कोई पैसा लिया हो ये बात साबित नहीं हुई है। ये जरुर साबित हुआ है कि मैंने दुनिया का वो खेल इवेंट बनाया जिसने लगभग 100 अरब डॉलर की कमाई की है।

# थारू जनजाति की छात्राओं ने सीएम को भेजा मांग पत्र, बोलीं– इससे हमारा भी विकास होगा

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बलरामपुर। मां पाटेश्वरी राजकीय विश्व विद्यालय की स्थापना बलरामपुर में कराए जाने की मांग लगातार तेज होती जा रही है। जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्र में नेपाल सीमा के सन्निकट जंगलों में रहने वाली थारू जनजाति की छात्राओं ने भी विश्वविद्यालय को लेकर हुंकार भरी है। थारू छात्राओं ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पोस्टकार्ड के जरिए मांग पत्र भेज कर मां पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना बलरामपुर जनपद में किए जाने की मांग की है। वरिष्ठ पत्रकार व समाजसेवी सर्वेश सिंह के नेतृत्व में पूरे जिले में चलाए जा रहे ष्हमें चाहिए विश्वविद्यालयष् अभियान में जुड़ी थारू जनजाति की छात्राओं ने भी इस विश्वविद्यालय को बलरामपुर में ही स्थापित किए जाने की मांग की है। भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के पचपेड़वा जंगल की छात्राओं का कहना है कि हम सब थारू जनजाति के लोग काफी पिछड़े और गरीब हैं। हमारे मां–बाप हमें उच्च शिक्षा के लिए बाहर नहीं भेज सकते। इसी को देखते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने यह विश्वविद्यालय बलरामपुर में स्थापित करने की घोषणा की है। थारू छात्राओं ने कहा कि हमारी मांग है कि विश्वविद्यालय बलरामपुर में ही स्थापित किया जाए। यह थारू छात्राएं कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय जंगल गांव में पढ़ती हैं। थारू छात्रा रिंकी ने बताया कि हम पढ़ कर टीचर बनना चाहते हैं लेकिन हमारे मां–बाप गरीब हैं इसलिए हम 12वीं के बाद पढ़ाई करने में असमर्थ हैं। छात्रा पुष्पा थारू और रेणुका ने बताया कि यदि विश्वविद्यालय बलरामपुर में बन जाता है तो हमारे मां–बाप हमें आगे पढ़ाएंगे। थारू छात्रा रोली ने भी बलरामपुर में विश्वविद्यालय बनाए जाने की मांग करते हुए कहा कि इससे हम लोगों का विकास होगा। थारू छात्रा रामकुमारी ने कहा कि हम लोग चाह कर भी 12वीं के बाद पढ़ाई नहीं कर पाते। विश्वविद्यालय बन जाने के बाद हम आदिवासी लोगों का भी विकास होगा। थारू छात्राएं हमें चाहिए विश्वविद्यालय की मुहिम का हिस्सा बनीं और सभी छात्राओं ने मुख्यमंत्री के नाम पोस्टकार्ड भेज कर एक स्वर से बलरामपुर में विश्वविद्यालय स्थापित किए जाने की मांग की।



# स्टाफ नर्स के नदारद रहने से इस केन्द्र पर मात्र एक महिला का प्रसव हुआ

दैनिक बुद्ध का सन्देश

उतरौला/बलरामपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानापार बहेरिया में दो माह से महिलाओं के प्रसव की सुविधा शुरू हुई है लेकिन इस केन्द्र पर तैनात स्टाफ नर्स तरबगंज तहसील क्षेत्र की निवासिनी होने से वह केंद्र से अक्सर नदारद रहती है। स्टाफ नर्स के नदारद रहने से इस केन्द्र पर मात्र एक महिला का प्रसव हो पाया है। इस प्रसव केंद्र के अक्सर बंद रहने से प्रसव पीड़ित महिलाएं दस किमी दूर उतरौला अथवा तीस किमी दूर जिला मुख्यालय के अस्पतालों की शरण लेनी पड़ती है। विकास खण्ड उतरौला क्षेत्र में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शासन ने दो माह पहले इस केन्द्र पर हेल्थ एवं बेलनेस सेन्टर बनाकर महिलाओं के प्रसव का इन्तजाम कर दिया और एक स्टाफ नर्स की तैनाती कर दी। शासन की मंशा थी कि इस केन्द्र के आसपास स्थित पच्चीसों ग्राम पंचायत की महिलाओं को प्रसव की सुविधा मिल सके और उन्हें उतरौला अथवा बलरामपुर जिला मुख्यालय पर प्रसव के लिए न जाना पड़े वहीं क्षेत्र की महिलाओं को निजी अस्पतालों का सहारा न लेना पड़े। शासन की मंशा पर उस समय पानी फिर गया जब इस केन्द्र पर तैनात की गई स्टाफ नर्स गोण्डा जनपद की तरबगंज तहसील क्षेत्र की निवासिनी होने से अक्सर केंद्र पर न रहकर अपने घर पर रहती है। उनके नदारद रहने से इस केन्द्र का प्रसव केंद्र बंद रहता है। इस प्रसव केंद्र बंद रहने से महिलाओं को प्रसव के लिए दस से तीस किमी दूर जाना पड़ता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानापार बहेरिया के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डां ए के खान ने बताया कि इस केन्द्र पर दो माह में मात्र एक महिला का प्रसव कराया गया है। महिलाओं को प्रसव कराने के लिए केंद्र पर एक स्टाफ नर्स की तैनाती विभाग ने कर रखी है। इस केन्द्र पर महिलाओ के प्रसव कराने आने पर उनका प्रसव कराया जाता है।




# चार लाख का जेवर लेकर महिला मायके से हुई फुर्र
## ससुरालीजनों ने मायके वालों पर लगाया गंभीर आरोप

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोंडा। गोंडा जिले के उमरी बेगमगंज थाने में ससुराल पक्ष के लोगों ने भाई पर बहन को जेवर हजम करने की नियत से ससुराल न भेज कर कहीं गायब कर देने का आरोप लगाया है। ससुराल से अपने मायके गई बहू को ससुराली जनों ने बहू के भाई पर कहीं गायब कर देने का आरोप लगाते हुए उमरी बेगमगंज थाने में तहरीर दिया है। पुलिस ने मामले में गुमशुदगी दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। गोंडा जिले के देहात कोतवाली के गांव बेलवा बनघुसरा से जुड़ा है। यहां के निवासी जितेंद्र सिंह ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में कहां है कि 6 वर्ष पहले मेरे लड़के की शादी उमरी बेगमगंज थाना क्षेत्र में हुई थी। शादी के बाद से मेरी बहू मेरे यहां राजी खुशी से रह रही थी। बीते एक पखवाड़े पूर्व उसका भाई लेने आया हम लोगों ने राजी खुशी से भेज दिया। उसका भाई विशाल उसे लेकर चला गया। आरोप है कि 19 मार्च को विशाल की छोटी बहन ने मेरे छोटे लड़के के पास फोन किया। उसने कहा कि तुम्हारी भाभी घर पहुंच गई हैं। बेटे ने जवाब दिया अभी नहीं पहुंची हैं। कुछ देर बाद हम लोगों ने फोन करके पूछा तो विशाल ने कहा कि हमने सवारी पर बैठा दिया था। यदि आपके घर नहीं पहुंची है। तो हम लोगों की कोई जिम्मेदारी नहीं है। ससुराली जनों का कहना है इस तरह की बात करने पर हम लोग परेशान हो गए। रात में ही उनके घर उमरी बेगमगंज गए। जहां पर वह लोग खाना पानी खाकर पूरे परिवार आराम से सो रहे थे। जब हम लोग वहां पहुंचे तो वह लोग मेरी बहू के विषय में कोई उत्तर नहीं दे सके। हम लोगों को पूरी आशंका है कि विशाल और उनके पिता ने करीब 4 लाख रुपए के जेवर हजम करने की नियत से मेरी बहू को कहीं गायब कर दिए हैं। थानाध्यक्ष बोलेरू गुमशुदगी दर्ज कर जांच की जा रही। थानाध्यक्ष उमरी बेगमगंज संजीव वर्मा ने बताया कि वह अपने मायके आई थी। यहां से उसके घर के लोगों ने सवारी पर बैठा दिया। वह ससुराल में पहुंचकर कहीं अलग चली गई हैं। थोड़ी देर के लिए मोबाइल खुली थी। उसके बाद फिर स्विच ऑफ हो गई। पुलिस मामले की छानबीन में लगी हुई है थानाध्यक्ष ने बताया कि महिला की मोबाइल ट्रस्ट कराई जा रही है लोकेशन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी



# विधुत संविदा कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश के मध्यांचल अध्यक्ष बने तरुण कुमार मिश्र

दैनिक बुद्ध का सन्देश

उतरौला/बलरामपुर। विद्युत संविदा कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश के मध्यांचल अध्यक्ष बने तरुण कुमार मिश्र। प्रदेश महामंत्री रामभूल सैनी ने तरुण कुमार मिश्र को मध्यांचल अध्यक्ष का मनोनयन पत्र सौंपा तथा शपथ दिलाया। विद्युत उप केंद्र उतरौला में तैनात संविदा कर्मियों ने हर्ष व्यक्त किया। सभी ने मध्यांचल अध्यक्ष को मिठाई खिलाकर बधाई दिया। नवनियुक्त मध्यांचल अध्यक्ष तरुण कुमार मिश्र ने कहा कि संगठन और कर्मचारियों के हित में जो जिम्मेदारी दी गई है उसका निर्वहन इमानदारी से करेंगे। उन्होंने कहा कि संविदा कर्मचारियों को अपने हितों के लिए संगठित होकर कार्य करना होगा, तभी हक और अधिकार प्राप्त हो सकते हैं। संगठन में शक्ति होती है। कोई भी संघर्ष बिना संगठन के नहीं लड़ा जा सकता है। उन्होंने कहा कि संविदा कर्मचारियों का उत्पीड़न किसी भी स्तर पर नहीं होने दिया जाएगा। सभी के हितों की रक्षा के लिए संगठन किसी भी स्तर पर लड़ाई लड़ने को हर समय तत्पर है।



# उत्कृष्ठ कार्य करने वाली शिक्षिका को किया सम्मानित

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोण्डा। हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम में प्राथमिक विद्यालय लालबहादुर पुरवा का रहा जलवा बुधवार को रायल पैलेस गोण्डा में आयोजित हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम के अंतर्गत मेला आयोजित किया गया, जिसमें सत्र 2022–23 में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले शिक्षक,शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी डॉ उज्ज्वल कुमार,मुख्य विकास अधिकारी महोदया,डायट प्राचार्य,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने जनपद से आये समस्त शिक्षकों के ज्स्ड का निरीक्षण किया। इस दौरान विकास खण्ड नबाबगंज के प्राथमिक विद्यालय लालबहादुर पुरवा के ज्स्ड को मुख्य अतिथियों के द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गई,और प्रधानाध्यापिका शालिनी श्रीवास्तव को उत्कृष्ट कार्य करने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



# बलरामपुर में गाजे–बाजे के साथ निकली साईं नाथ की पालकी

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बलरामपुर। जनपद बलरामपुर नगर में निकाली गई श्री साईं नाथ की पालकी यात्रा में मौजूद श्रद्धालु श्री साईं नाथ की पालकी यात्रा दिन बृहस्पतिवार को गाजे–बाजे के साथ नगर में निकाली गई। पालकी यात्रा में साईं भक्तों के साथ–साथ भारी संख्या में महिलाएं भी शामिल रहीं भक्तों के जयकारे से पूरा नगर गुंजायमान रहा नगर के शिव–साईं मंदिर से साईं बाबा की आरती के बाद पालकी यात्रा रवाना हुई अबीर गुलाल उड़ाते व बाबा का जयकारा लगाते भक्त डीजे के धुनों पर झूम रहे थे यात्रा में शामिल महिलाओं ने भी मंगलगान किया जगह–जगह लोगों ने पानी मीठा स्टॉल लगाकर भक्त लोगों को पिलाया।जिसमे अजय सिंह पिकू,सजय शर्मा,राजकुमार गुप्ता,कृष्ण गोपाल गुप्ता,समर जावेद,विजय कुमार गुप्ता,रवीन्द्र गुप्ता कमलापुरी गौ सेवक युवा समाजसेवी बलरामपुर,विकास मोदनवाल सर्वजीत गुप्ता,सजय मोदी,बजरंगी लाल गुप्ता,राजन गुप्ता,प्रमोद गुप्ता,नंद कुवर त्रिपाठी,संजय गुप्ता,राजेंद्र गुप्ता मुकुंद लाल गुप्ता,विनय कुमार गुप्ता,दिनेश कुमार गुप्ता,अजय रस्तोगी,व आदि काफी संख्या में मौजूद रहे।



# श्रीराम जन्मोत्सव का कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से मनाया गया

दैनिक बुद्ध का सन्देश

उतरौला,बलरामपुर। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जी के जन्मोत्सव रामनवमी के पावन अवसर पर नगर क्षेत्र मे स्थित श्री जनेश्वर वीर हनुमानगढ़ी मंदिर में आयोजित श्रीराम जन्मोत्सव का कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से मनाया गया दोपहर बारह बजे मंदिर का पट खुलते ही जय श्री राम के उद्घोष से पूरा मंदिर गूंजायमान हो गया श्री राम चंद्र कृपालु भजमन हरण भव भय दारुणम। नवकंज लोचन कंज मुखकर, कंज पद कन्जारुणम। जन्मोत्सव पर मंगल आरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया इस मौके पर भाजपा विधायक रामप्रताप वर्मा, पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद अनूप गुप्ता, देवानंद गुप्ता, लक्ष्मी रतन गुप्ता,अंकुर गुप्ता, रमेश जायसवाल व भारी संख्या में महिलाएं व बच्चे उपस्थित रहे



# चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान की बड़े ही धूमधाम से मनाई गई जयन्ती

दैनिक बुद्ध का संदेश

अलावल,देवरिया,गोंडा। ब्लॉक इटियाथोक के ग्राम बसंतपुर राजा में लोगों द्वारा चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान की जयंती बड़े धूमधाम से मनाई।जिसका मंच संचालन डॉक्टर बब्लू गौतम ने किया और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूजाराम सोनकर एडवोकेट रहे। बच्चा राम बौद्ध ने बताया कि वहां पर मौजूद लोगों ने महापुरुषों की फोटो रखकर फूल माला चाहकर शत शत नमन किया और उनके जीवनकाल में किए गए कार्यों के बारे में विभिन्न जानकारियां दी गई। इस मौके पर बिशिषट अतिथि सविता वर्मा अध्यक्ष–माता साबित्री फाउंडेशन जिला गोंडा,नन्द किशोर वर्मा टैक्स एडवोकेट प्रबंधक मा. राम करन वर्मा बुद्ध विहार गोंडा, बच्चा राम बौद्ध, ममता बौद्ध, सरिता कशयप, मीना बौद्ध, , सीमा मौर्य, सुशलेष वर्मा, रीमा यादव, बिन्दू मौर्य, विमला सोनकर एडवोकेट,रामराज पासवान,सुखराम चौरसिया,लालजी लहरी,सुनील वर्मा, हरिप्रसाद बौद्ध, अजय सरोज,मा. विजय चौहान,, देवी प्रसाद बौद्ध, चिंता राम मौर्य, धर्म राज ,रवि बौद्ब सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



# मोटर साइकिल दुर्घटना मे दो की मौत

दैनिक बुद्ध का सन्देश

तुलसीपुर,बलरामपुर। थाना तुलसीपुर के अंतर्गत जरवा बालापुर मार्ग पर गिरधरडीह ग्राम के निकट 2मोटरसाईकिल की दुर्घटना में 2की मौत हो गई। जिसमें एक मृतक पिन्टू कनौजिया ग्राम नरायनपुर थाना पचपेड़वा की मौत हो गयी तथा इसी गांव के जगदीश कनौजिया गम्भीर रूप से घायल हो गया दूसरे मृतक की शिनाख्त खबर लिखने तक नही हो पाई है।





# राज्य स्तरीय कुश्ती का शनिवार से होगा आयोजन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोला गोरखपुर। नगर पंचायत गोला के विस्तारित गांव बिसरा में स्व रविंद्र नारायण चंद महाराज लल्लन साहब के प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर 01 अप्रैल से 03 अप्रैल तक तीन दिवसीय राज्य स्तरीय कुश्ती चौंपियनशिप का आयोजन उक्त गाँव में स्थित ठाकुर जी मंदिर के प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। इस राज्य स्तरीय कुश्ती चौंपियनशिप में अंडर 15 बालक व बालिका पहलवानों के बीच कड़ी मुकाबला होगा। इस चौंपियनशिप के आयोजक वरिष्ठ सपा नेता व नगर पंचायत गोला के चेयरमैन पद के भावी प्रत्याशी ताम्रध्वज बहादुर चंद उर्फ भैया राज परिवार गोपालपुर स्टेट ने बताया कि इस तीन दिवसीय राज्य स्तरीय कुश्ती चौंपियनशिप में राज्य भर के कई नामी–गिरामी अंडर 15 बालक व बालिका पहलवान प्रतिभाग करेंगे। इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि भारतीय कुश्ती संघ अध्यक्ष एवं कैसरगंज के सांसद बृज भूषण शरण सिंह शरीक होंगे। निवेदक दीपक चंद राज परिवार गोपालपुर स्टेट ने अपील किया है कि कुश्ती चौंपियनशिप में अधिक से अधिक सम्मानित जनता पहुंचकर रोमांचक कुश्ती का आनंद उठाएं।



# अज्ञात कारणों से लगी आग, लाखों रुपये जलकर राख

दैनिक बुद्ध का सन्देश

उतरौला/बलरामपुर। थाना गेंडास बुजुर्ग क्षेत्र के पिपरा राम मे बुधवार रात में कबाड़ी व्यवसाई मोहम्मद इसराइल के दूकान में किसी अज्ञात कारणों से आग लग गई जिससे प्लास्टिक का कबाड़ लगभग लाखों रुपए का जलकर राख हो गया। अगल बगल वालो ने बुझाने की कोशिश की किंतु तब तक सारा सामान जलकर राख हो चुका था। इसराइल ने बताया कि महाजन का बकाया भी देना था यही मॉल बेचकर पैसा देना था लेकिन अब न बकाया दे सकता हूं न ही घर में पैसे है। परिवार पालना भी मुश्किल हुआ। शासन प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।



# सदर सीट सहित 06 नगर पंचायते अनारक्षित, फिर भिड़ेंगे दिग्गज

## जनपद के पुराने खिलाड़ियों के दिन आए वापस,अनारक्षित सीटों पर लड़ सकते हैं पुराने दिग्गज

राजेश शर्मा/
दैनिक बुद्ध का सन्देश








सिद्धार्थनगर। जनपद में निकाय चुनाव को लेकर कहीं गम तो कहीं खुशी का माहौल खुलकर सामने आ गया है। जहां पहले नगर निकाय चुनाव का बिगुल बजने पर चुनाव लड़ने वाले दिग्गजों ने अपनी पूरी ताकत लड़ने के लिए झोंक दी थी तो वही पिछड़ा आयोग के फैसले से चुनाव को रोक दिया गया था पुनः नगर निकाय चुनाव में आरक्षण को लेकर नई सीटें सामने आई है जिसमें जनपद सिद्धार्थनगर के जनपद मुख्यालय नगरपालिका सीट जहां अनारक्षित है तो वही शोहरतगढ़ ,बढ़नी, बिस्कोहर, भारत भारी, इटावा भी अनारक्षित हो गए हैं आपको बता दें कि इन सीटों पर पहले पिछड़ा ,अनुसूचित जाति के उम्मीदवार भी अपनी ताकत लगा रहे थे लेकिन नई सीट कंफर्म होने से खुशी गम में बदल चुका है अब देखना है कि दिग्गज किस प्रकार से सामने आते हैं आपको बता दें कि कपिलवस्तु सीट पर जहां पिछड़े वर्ग के उम्मीदवार खड़े हुए थे वहीं इस बार अनुसूचित जाति महिला हो जाने से पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों में गम की स्थिति बन गई है। इसी प्रकार उसका नगर पंचायत में जहां सामान्य वर्ग के उम्मीदवार लड़ने की सोच रहे थे तो वही पिछड़ा वर्ग महिला होने से वह भी मायूस हुए हैं शोहरतगढ़ में जहां अभी तक ओबीसी उम्मीदवार अपनी ताकत लगाए बैठे थे अनारक्षित सीट हो जाने से उन्हें भी मायूसी मिली है इसी प्रकार बढ़नी चाफा जहां सामान्य उम्मीदवार लड़ने के लिए ताकत लगाए थे पिछड़ा वर्ग होने से सामान्य उम्मीदवारों को भी मायूसी लगी है बिस्कोहर एंव भारतभारी पहले से ही अनारक्षित सीट को लेकर सामान्य उम्मीदवार लड़ाई में दिख रहे थे जो अभी भी कायम है और उन्हें खुशी मिली है डुमरियागंज में महिला सीट होने से कईयों में मायूसी छा गई है ,इटावा ,बढ़नी बाजार में अनारक्षित सीट होने से पुराने दिग्गजों की सीट पर वापसी होने की संभावना बढ़ती नजर आ रही है उन्हें खुशियां देखने को मिल रही है बांसी में जहां सामान्य होने की स्थिति बन रही थी पिछड़ा वर्ग महिला होने से पुनः सामान्य उम्मीदवारों को मायूसी मिली ,बहुचर्चित सीट जनपद मुख्यालय की सदर सीट पर जहां महिला सामान्य थी तो वहीं अनारक्षित आने से कोई परिवर्तन देखने को नहीं मिला है सामान्य उम्मीदवार जहां पहले से लड़ रहे थे वहीं अब उन्हें खुशी की अनुभूति हुई है लड़ाई में पुनः आ गए हैं आपको बता दें कि जनपद के सदर सीट पर सबसे ज्यादा मुकाबला ब्राह्मण उम्मीदवारों में देखने को मिल रहा है जहां ब्राह्मण ठाकुर आमने–सामने हैं तो वही पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्याम बिहारी जयसवाल एंव जीमल सिद्दकी भी सामने नजर आ रहे हैं अब देखना है कि लड़ाई की स्थिति क्या बनती है वर्तमान में देखा जाए तो नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर की सीट पर सबसे ज्यादा कठिन मुकाबला देखने को मिलेगा जहां अब स्थिति त्रिकोणीय होती नजर आ रही है जो काफी रोमांचक सिद्ध होगी सदर सीट पर राकेश दत्त त्रिपाठी,राजू सिंह, गुड्डू त्रिपाठी, जमील सिद्दीकी, सहित कई पुराने दिग्गज और युवा नेता आमने–सामने खड़े नजर आ रहे हैं जो लड़ाई को रोमांच में बदलने को तैयार हैं अब देखना है कि आने वाले समय में बीजेपी से किसे टिकट मिलती है और कौन बिना टिकट लड़ पाता है।

### सिद्धार्थनगर के सभी सीटो की सूची

| | |
|---|---|
| नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर........ | अनारक्षित |
| नगर पालिका बांसी....... | पिछड़ा वर्ग महिला |
| नगर पंचायत बढ़नी बाजार....... | अनारक्षित |
| नगर पंचायत इटवा........ | अनारक्षित |
| नगर पंचायत डुमरियागंज....... | .महिला |
| भारत भारी........ | अनारक्षित |
| बिस्कोहर........ | अनारक्षित |
| बढ़नी चाफा........ | पिछड़ा वर्ग |
| नगर पंचायत शोहरतगढ........ | अनारक्षित |
| नगर पंचायत उसका बाजार........ | पिछड़ा वर्ग महिला |
| नगर पंचायत कपिलवस्तु........ | अनुसूचित जाति महिला |

# जनपद के प्रमुख मन्दिरों पर दुर्गा सप्तशती व रामायण पाठ के बाद हवन ,भण्डारा संपन्न

## सभी मंदिरों पर सुबह से ही लगा रहा श्रद्धालुओं का तांता, गालापुर में उमड़ा आस्था का जन सैलाब




दैनिक बुद्ध का सन्देश

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। वृहस्पतिवार को चौत्र नवरात्र के नवमी पर श्रद्धालुओं का व्रत हवन पूजन के साथ संपन्न हुआ। भोर से ही सभी देवी स्थानों तथा घरों पर लोगों ने मां की पूजा अर्चना करते हुए हवन करवाया तथा व्रत की समाप्ति कर पारण किया। क्षेत्र के ऐतिहासिक सिद्ध पीठ मां वटवासनी गालापुर स्थान पर मध्य रात्रि से ही लोगों ने 108 ,111 तथा 121 बार परिक्रमा कर मां का आराधना किया। भोर होते ही हवन का कार्यक्रम चालू हुआ जो देर शाम तक जारी रहा। शासन के निर्देश के क्रम में प्रमुख मन्दिरों पर दुर्गा सप्तशती तथा रामायण का पाठ किया गया। साथ ही भण्डारे का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। गालापुर वटवासिनी मन्दिर पर पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह तथा मन्दिर के सरवराकार राजा योगेंद्र प्रताप सिंह सहित भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने विधि विधान से पूजन अर्चन कर हवनकर संपन्न किया। इसके अलावा क्षेत्र के तमाम जगहों पर श्रद्धालुओं ने हवन के साथ नवरात्र व्रत का समापन किया। शिवमन्दिर थाना डुमरियागंज, गालापुर वटवासिनी मन्दिर, ध्नोहरी शिव मन्दिर, बलुआ समय माता मन्दिर, भवानीगंज दुर्गा मन्दिर, हनुमान मन्दिर बजरंगी चौक(बेवाँ),भटंगवा शिव मन्दिर, बैदौला चौराहा मन्दिर, समय माई मन्दिर डुमरियागंज, भारतभारी शिव मन्दिर, देइपार महेश्वरनाथ शिव मन्दिर, भानपुररानी दुर्गेश्वरनाथ मन्दिर, डिड़ई शिव मन्दिर, बाबा मटेश्वरनाथ मन्दिर मिठवल, बागेश्वरी मन्दिर धौरहरा भटपुरवा आदि तमाम जगहों पर सुबह से ही लोगों ने हवन कराया तथा नौ दिवसीय व्रत का समापन किया। मां काली स्थान पर पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह, राजा योगेंद्र प्रताप सिंह सहित शत्रुहन सोनी, राजीव अग्रहरि, कमलेंद्र त्रिपाठी, के के पांडे, रामदेव यादव आदि सहित भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने हवन कर अपने व्रत को समाप्त किया। इस बार का नवरात्र काफी महत्वपूर्ण था क्योंकि जहां यह पर्व 9 दिनों का था वही शासन के निर्देश के क्रम में तमाम जगहों पर धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। धर्म गुरु ठाकुर प्रसाद मिश्रा ने बताया कि हिन्दू धर्म में पूजा के बाद हवन को बहुत महत्व दिया गया है। हवन करने से सभी देवी देवता प्रसन्न होते हैं और आपको व्रत का फल मिलता है। किसी भी विशेष पूजा और व्रत का समापन हवन के साथ करना चाहिए। नवरात्रि में भी हवन करने का खास महत्व माना जाता है। कई लोग नवरात्रि की अष्टमी को, तो कई लोग नवरात्रि की नवमी पर हवन करते हैं। धार्मिक मान्यताओं अनुसार नवरात्रि के अंतिम दिन हवन करने से व्यक्ति को पूरे नौ दिन के व्रत का संपूर्ण फल प्राप्त हो जाता है। हवन के बाद कन्या पूजन किया जाता है।

### कन्या पूजन कर श्रद्धालुओं ने लिया आशीर्वाद

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। चौत्र नवरात्रि के नवमी पर श्रद्धालुओं द्वारा भारी संख्या में कन्या पूजन किया गया। सबसे पहले श्रद्धालुओं द्वारा कन्याओं का पैर धुला गया उसके बाद उनके पैरों में आलता(रंग) लगाया गया। इसके बाद फल, खीर, पूड़ी और हलवा खिलाया गया। अंत में देवी स्वरूप कन्याओं को चुनरी और फूल भी चढ़ाया और अंत में दक्षिणा देकर आशीर्वाद लिया गया। मान्यता हैं कि इससे देवी का आशीर्वाद मिलता है और जीवन के कष्ट भी दूर हो जाते हैं।

## मोगलहा हनुमान गढ़ी मंदिर पर धूमधाम से मना श्रीराम प्रकटोत्सव

दैनिक बुद्ध का सन्देश

उसका,बाजार/सिद्धार्थनगर। कस्बा के अम्बेडकर नगर वार्ड के टोला मोगलहा में चौत्र राम नवमी पर्व पर भगवान श्रीराम का प्रकटोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर काफी श्रद्धालु पहुँचकर आरती व प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर के पुजारी राधेश्याम द्विवेदी मंदिर परिसर में शुबह से ही श्रीराम के प्रकटोत्सव की तैयारी में जुटे रहे। दिन में 12 बजे प्रकटोत्सव पर्व दिव्य आरती व वैदिक मंत्रोच्चारण से शुरू हुआ। विधि विधान से आरती व पूजन के बाद सभी ने श्रीराम की स्तुति का गान किया। भए प्रकट कृपाला की ध्वनि से समारोह भक्तिमय हो उठा। महिलाएं सोहर भी गया। मंदिर के पुजारी राधेश्याम द्विवेदी ने कहा कि हिन्दू धर्म में श्री राम नवमी पर्व का विशेष महत्व है। इसीतरह राम नवमी पर्व कस्बा के पयोहारी आश्रम उसका राजा, हनुमान मंदिर रेहरा बाजार पर भी धूमधाम से श्रीराम प्रकटोत्सव उल्लास के साथ मनाया गया है। इस अवसर पर लाल बहादुर दास वेद व्यास मिश्र, गौतम मिश्र, देवराज सिंह, राहुल दूबे, शिव शंकर, प्रमोद राजनरायन पाण्डेय, अंकित पाण्डेय आदि श्रद्धालु रहे।




## फरार आरोपी के घर नोटिस चस्पा,कराया मुनादी

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। वर्ष 2018 में फर्जी शिक्षक भर्ती में फरार चल रहे अभियुक्त के घर पर न्यायालय द्वारा जारी 82 सी०आर०पी०सी०की नोटिस पुलिस ने चस्पा किया। थाना प्रभारी सतीश कुमार सिंह ने बताया कि ग्राम धकपुरा थाना लार जनपद देवरिया के रहने वाले अभियुक्त अमितेंद्र कुमार मिश्र फर्जी शिक्षक भर्ती के सम्बध में 2018 में थाना सिद्धार्थनगर में मु०अ०स० 259ध्18 धारा 419, 420, 467, 468, 471 आई०पी०सी० दर्ज हुआ था। वह न्यायालय में हाजिर नहीं हो रहा था। न्यायालय के निर्देश पर अभियुक्त के घर उसके पिता, पत्नी व ग्राम प्रधान की मौजूदगी में न्यायालय में हाजिर होने के सम्बध में नोटिस चस्पा कर गांव में मुनादी करवाया गया है।इस दौरान उ.नि. तारकेश्वर यादव हेड कांस्टेबल राम सजन कश्यप कांस्टेबल नीरज चौहान तथा स्थानीय ग्राम प्रधान व गांव के अन्य लोग मौजूद रहे।





## नेपाल से लाई जा रही 80 लाख की चांदी बरामद दो तस्कर गिरफ्तार

अंनत मिश्रा/
दैनिक बुद्ध का सन्देश




सिद्धार्थनगर। जिला मुख्यालय के बीच से बहने वाली जमुआर नदी के निकट पुलिस की विशेष टीम ने एक कार से लगभग एक कुंतल चांदी बरामद कर दो तस्कर को गिरफतार किया गया है। पुलिस के मुताबिक बुधवार रात को बरामद हुई चांदी नेपाल से लाई जा रही थी ।जिसकी कीमत लगभग 80 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस को यह सूचना मिलते ही जांच शुरू कर दी जिसमे कुछ तस्कर नेपाल से चांदी की बड़ी खेप लेकर जिला मुख्यालय होते हुए लखनऊ की तरफ निकलने वाले हैं। इस सूचना के बाद ही पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आंनन्द ने अफसरों के साथ आनन फानन में बैठक कर सदर थानाध्यक्ष सतीश कुमार सिंह व एसओजी प्रभारी शेषनाथ यादव के संयुक्त नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन कर तस्करों को पकड़ने के लिए लगाया। इसके बाद से ही 9 सदस्यीय टीम ने जमुआर पुल और झण्डे नगर बाईपास के बीच रुटीन वाहन चेकिगं का नाटक करते हुए अपनी घेराबंदी कर दी। पुलिस टीम को रात आठ बजे के लगभग अपनी मेहनत सफल होते दिखी जब वहां एक बाहरी नम्बर प्लेट वाली क्रेटा कार आती दिखी। इसके बाद पुलिस टीम चौकन्नी हो गई। करीब आने पर पुलिस टीम ने कार को रोक लिया। मगर उन्हें कार में कुछ न मिला। गौर से छानबीन करने पर उन्हें कार की सीट के नीचे बने विशेष बाक्स में 96 किलोग्राम चांदी बरामद हुई। कार में चालक समेत दो लोग सवार थे। तस्करों से जब पुलिस पूछ ताछ की तो बताया कि दोनों ने अपना नाम राजेन्द्र दुबे ग्राम अहिना, थाना मानधाता जिला सुल्तानपुर और सुरेश सिंह थाना डागी आगरा बताया है और बताया कि नेपाल का एक आदमी उन्हें माल देने भारतीय क्षेत्र के ककरहवा कस्बे में आया था। इसे आगरा में बेच कर भारी मुनाफा कमाने का इरादा था। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आंनंद ने अपनी प्रेस कान्फ्रेंस में चांदी की कीमत लगभग 80 लाख बताया है। उन्होंने बताया कि दोनों अभियुक्तों को जेल भेजा जा रहा है।

## बीएसए कार्यालय में हुआ हवन के साथ कन्या पूजन

दैनिक बुद्ध का सन्देश



सिद्धार्थनगर। बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के जीर्णोद्वार के बाद चौत्र नवरात्र के अंतिम दिन गुरुवार को विधिवत पूजा अर्चन व हवन हुआ। नौ कन्याओं का पूजन कर भोजन कराया गया। वर्तमान बीएसए देवेंद्र कुमार पांडेय ने पूरे भवन का कायाकल्प करवा कर खूबसूरत बना दिया। बीएसए ने पत्नी ज्योतिमा पांडेय के साथ भवन के अंदर रामनवमी के अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा व हवन कराया। नौ कन्याओं का पूजन किया और उन्हें भोजन कराया। पंडित मणिकांत उपाध्याय ने बताया कि हवन व पूजा से नकारात्मक ऊर्जा का नाश होता हैध्और सकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न होता हैध। इस दौरान वित्त एवं लेखाधिकारी निलोत्तम चौबे ,जिला समन्वयक सुरेंद्र श्रीवास्तव ,रीतेश ,धर्मप्रकाश व संदीप ,प्राथमिक शिक्षक संघ के राध्ेरमण त्रिपाठी ,अभय श्रीवास्तव उपेंद्र उपाध्याय ,सुधाकर मिश्रा ,लालजी ,राकेश सिंह रामशंकर पांडेय शिवाकांत ,आरएसएम के आदित्य शुक्ला ,अभय सिंह ,विपुल ,शिवपाल सहित संजीव सिंह ,पशुपति ,विक्रान्त ,श्यामसुंदर ,रवि गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# सम्पादकीय

**अब अगर भारत चाहता है कि अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की बढ़ती संख्या का आर्थिक लाभ खुद उठाए, तो उसके लिए एक अलग किस्म की तैयारी करनी होगी। आशा है, सिंधिया ने उपरोक्त बातें कहने के पहले ऐसी तैयारियों की कोई योजना भी बनाई होगी। यह बात इसलिए कहने की जरूरत महसूस हुई है, क्योंकि वर्तमान...**

## एक और आत्म निर्भरता?

नागरिक विमानन ने मंत्री के मुताबिक भारत चाहता है कि उसकी घरेलू कंपनियां ज्यादा संख्या में उड़ानें चलाएं। वे नए उड़ान केंद्र स्थापित करें और विदेशी प्रतिद्वंद्वियों के घरेलू विमान क्षेत्र में बने वर्चस्व को खत्म करें। अगर बात सिर्फ आत्म निर्भर भारत जैसे जुबानी जमा–खर्च की ना हो, तो यह इरादा अच्छा है। नागरिक विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के मुताबिक भारत चाहता है कि उसकी घरेलू कंपनियां ज्यादा संख्या में उड़ानें चलाएं। वे नए उड़ान केंद्र स्थापित करें और विदेशी प्रतिद्वंद्वियों के घरेलू विमान क्षेत्र में बने वर्चस्व को खत्म करें। हालांकि वैश्विक पूंजी निवेश के आज दौर में देशी और विदेशी कंपनियों की पहचान आसान नहीं रह गया है, फिर भी अगर मूल रूप से भारत में निर्मित हुई कंपनियों का कारोबार बढ़ता है, तो आम तौर पर उसका स्वागत किया जाएगा। लेकिन इस बात पर गौर कीजिए। सिंधिया ने भारत में उत्पादन को बढ़ाने पर भी जोर दिया है। उत्पादन बढ़ाने की बात तब आती है, जब कोई देश किसी चीज के उत्पादन की क्षमता रखता हो। क्या सचमुच भारत विमान उत्पादन में सक्षम हो चुका है? अगर ऐसा है, तो



हाल में एयर इंडिया ने फ्रांस और अमेरिका की कंपनियों को 470 नए विमानों का ऑर्डर क्यों दिया? इसलिए सिंधिया के ताजा बयान को सवाल भरी निगाहों से देखा जाएगा। एक समाचार एजेंसी को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा– भारत अब एक अहम मोड़ पर खड़ा है। आने वाले सालों में भारत में एयर ट्रैफिक का विस्फोट देखने को मिलेगा। एयर ट्रैफिक में बढ़ोतरी होना और उस ट्रैफिक के संचालन में आत्म निर्भरता दो अलग–अलग बातें हैं। एयर ट्रैफिक तो पहले से भी बढ़ रहा है। दरअसल, विमानन के क्षेत्र में भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से रहा है। लेकिन अंतरराष्ट्रीय यात्राओं के मामले में अब भी अंतरराष्ट्रीय विमानन कंपनियों का ही वर्चस्व है, जिनके पास ज्यादा सक्षम विमानन केंद्र हैं। अब अगर भारत चाहता है कि अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की बढ़ती संख्या का आर्थिक लाभ खुद उठाए, तो उसके लिए एक अलग किस्म की तैयारी करनी होगी। आशा है, सिंधिया ने उपरोक्त बातें कहने के पहले ऐसी तैयारियों की कोई योजना भी बनाई होगी। यह बात इसलिए कहने की जरूरत महसूस हुई है, क्योंकि वर्तमान सरकार के दौर में बड़बोलापन हवाई स्तर तक पहुंच चुका है। अगर इस मामले में बात वैसी ना हो, तो यह अच्छी बात होगी।

## बिना इंटरनेट पढ़ाई

यह तथ्य परेशान करता है कि देश के दस लाख सरकारी स्कूलों में से सिर्फ 2.47 लाख स्कूलों के पास इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध है। यह संख्या महज 24 फीसदी बैठती है। दिल्ली और चंडीगढ़ अपनी पीठ थपथपा सकते हैं कि वहां स्कूलों में सौ फीसदी इंटरनेट की उपलब्धता है। वैसे देश की राजधानी दिल्ली व दो प्रदेशों की राजध ाानी चंडीगढ़ में ऐसा होना कोई आश्चर्य की बात नहीं कही जानी चाहिए, क्योंकि ये शहर देश के नीति–नियंताओं के केंद्र हैं और यहां संरचनात्मक ढांचा सबल है। लेकिन बाकी राज्यों में पंजाब का बेहतर प्रदर्शन सुखद ही है। पंजाब में करीब 47 फीसदी सरकारी स्कूलों में इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध हो सकी है। निस्संदेह, इसका श्रेय शिक्षा विभाग की सक्रियता और शिक्षकों की जागरूकता को दिया जाना चाहिए। लेकिन राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से तीन तरफ से जुड़े हरियाणा के सरकारी स्कूलों में इंटरनेट की उपलब्धता का 29 फीसदी रहना चौंकाता है। सरकार की तरफ से स्कूलों में लाखों टैब व लेपटॉप बांटने व कई अभियानों के बावजूद प्रतिशत कम रहना एक यक्ष प्रश्न है। दूसरी तरफ हिमाचल प्रदेश में 27 फीसदी व जम्मू कश्मीर में महज 22 फीसदी स्कूलों में इंटरनेट कनेक्टिविटी हो पायी है। दरअसल, हाल ही में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को लोकसभा में बताया था कि देश के महज 24 फीसदी सरकारी स्कूलों में ही इंटरनेट की उपलब्धता है। जिसमें बिहार की स्थिति सबसे खराब है जहां महज 5.8 फीसदी स्कूलों में ही इंटरनेट सुविधा उपलब्ध है। कमोबेश मिजोरम में 5.9 फीसदी सरकारी स्कूलों में इंटरनेट सुविधा उपलब्ध है। उत्तर प्रदेश में 8.8 फीसदी की उपलब्धता भी चिंताजनक स्थिति को दर्शाती है। इसी तरह ओडिशा में भी महज आठ फीसदी सरकारी स्कूलों में इंटरनेट सेवा की उपलब्धता है। बड़े राज्यों में सबसे सुखद स्थिति केरल की बतायी जाती है जहां 94.5 फीसदी सरकारी स्कूल इंटरनेट कनेक्टिविटी से युक्त हैं। इसी तरह गुजरात में भी 94.1 फीसदी स्कूलों में इंटरनेट सुविधा उपलब्ध है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि कोरोना संकट के दौरान देशव्यापी लॉकडाउन और अन्य संचार प्रतिबंधों के बीच सरकारी स्कूलों में शिक्षा का क्या हाल रहा होगा? छात्र–छात्राओं की पढ़ाई इन दो बाधित सालों में कितनी हो पायी होगी? वैसे भी इन सरकारी आंकड़ों को यदि सही मान भी लिया जाये तो सवाल उठता है कि इन सरकारी स्कूलों में कितने फीसदी शिक्षक इंटरनेट से शिक्षण के लिये दक्ष हैं? यह भी कि क्या कोविड महामारी जैसी आपातकालीन स्थितियों को एक नया अवसर बनाने में हम चूके हैं? यह मौका था कि हम सूचना और संचार प्रौद्योगिकी का भरपूर लाभ उठाकर सरकारी स्कूलों को इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराने में जुट जाते। कहने को तो शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने दावा किया था कि सूचना और संचार प्रौद्योगिकी यानी आईसीटी प्रयोगशालाओं के लिये एक हजार करोड़ रुपये व राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में स्मार्ट कक्षाओं के लिये 909.6 करोड़ रुपये स्वीकृत किये गये हैं। लेकिन देखने वाली बात यह है कि कितने स्कूलों को इसका लाभ मिला और घ्वहां इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध हो पायी है। साथ ही शिक्षा मंत्री का यह भी कहना था कि दूरसंचार सुविधाओं में सुधार की जिम्मेदारी बीएसएनएल को दी गई है। यह बात पड़ताल की मांग करती है कि ये सरकारी प्रयास जमीनी स्तर पर कितने प्रभावी नजर आए हैं।

## काम न करने का हक

**इससे लोगों में असंतोष और बढ़ेगा। इतिहास गवाह है कि फ्रेंच लोग विरोध, प्रदर्शनों और क्रांति की सुगबुगाहट को बेहद पसंद करते हैं और स्वयं को अपने जीवन का एकमात्र मालिक मानते हैं। हो सकता है कि मेक्रान जो कर रहे हैं वह देश की भलाई के लिए हो। परंतु इसका परिणाम क्या होगा यह कहना मुश्किल है। यह भी हो सकता है कि सन् 2027 में फ्रांस घोर दक्षिणपंथी नेता मरीन ला पेन को सिर ...**

श्रुति व्यास

फ्रांसिसी लड़ रहे है। राष्ट्रपति और सरकार की नींद हराम हुई पडी है। उनका मुद्दा है कि हम आलसी हैं तो क्या हुआ। इसके लिए भी हमें पैसे मिलने चाहिए। जिंदगी फुर्सत, आराम और समय की लक्जरी में गुजरे यह मनुष्य का अध िकार है। हम ज्यादा काम नहीं करेंगे। हम जल्दी रिटायर होंगे। साल में छह सप्ताह छुट्टी करेंगे और सप्ताह में सिर्फ 39 घंटे काम।

संदेह नहीं मन के सुख, अधिकार, हुकूक के लिए लडना फ्रांसीसियों के खून में है।तभी तो फ्रांस इंसानी हक की क्रांतियों का देश है। सन् 1789की स्वतंत्रता, समानता, भाईचारे की क्रांति से शुरू परंपरा 1944 और उसके बाद 1968 में झलकी। अब वापिस सड़कों पर जनता उमडी हुई है। चार्ल्स डी गॉल ने अपने देश के बारे में वैसे ही नहीं कहा था कि वहां राजनीति सतत उबाल पर रहती है।

राष्ट्रपति इमेन्युअल मेक्रान के पेंशन सुधारों, जिनमें पेंशन प्राप्त करने की न्यूनतम आयु 62 से बढ़ाकर 64 वर्ष करना शामिल है, को संसद की मंजूरी मिल गई है।इसके बाद प्रधानमंत्री एलिजाबेथ बोर्न के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव मात्र नौ वोटों से नामंजूर हुआ। तब से वहां राजनैतिक तनाव बढ़ता ही जा रहा है।

लोगों का मूड बदला–बदला सा है। पेरिस में रोमांच और रोमांस की जगह हिंसा और तोडफोड़ का बोलबाला है। यहां तक कि सरकार को ब्रिटिश सम्राट चार्ल्स की तीन दिन की फ्रांस की यात्रा भी रद्द करनी पड़ी। बढ़ता असंतोष फुटपाथों और गलियों पर छलक रहा है। ट्रेड यूनियन कार्यकर्ताओं सहित समाज के सभी वर्ग दृ युवा, वृद्ध, पेशेवर, बेरोजगार दृ पुलिस से भिड़ रहे हैं, सिटी हॉल के दरवाजों में आग लगा रहे हैं, राजनीतिज्ञों के पुतले जला रहे हैं और पथराव कर रहे हैं। फ्रांस की वसंती हवाओं में गुस्से, अश्रुगैस और सडन की गंध घुल रही है। हाँ, सडन की क्योंकि कचरा उठाने वालों की हड़ताल इस पेंशन सुधार विरोधी आंदोलन के केन्द्र में है। सोमवार को यह हड़ताल चौथे सप्ताह में प्रवेश कर जाएगी। कचरा उठाने वाले कर्मी 2030 में 59 की बजाए 57 वर्ष की आयु में रिटायरी चाहते हैं (सभी के लिए सेवानिवृत्ति आयु 64 वर्ष नहीं है)। राष्ट्रपति मेक्रान कहते हैं कि अगर सरकार को अपने खजाने को खाली नहीं होने देना है और पेंशन के रूप में खासी धनराशि देते रहना जारी रखना है तो पेंशन सुधार जरूरी है। लोगों को दोसाल ज्यादा काम करना चाहिए। विशेषकर इसलिए क्योंकि 1980 के दशक की तुलना में अब फ्रांस के नागरिक दस वर्ष अधिक जी रहे हैं। सरकार के पास आर्थिक भार का तर्क है।जबकि विरोधी कहते हैं कि सरकार बेरहमी से आधुनिक कल्याणकारी राज्य, जो लंबे और कठिन संघर्ष का नतीजा है, को ढ़हा रही है।

जाहिर है फ्रांसीसियों के लिए बेहतर समाज वह है जहां कम के कम काम करना पड़े। सन् 1880 में फ्रांस के समाजवादी चिंतक पॉल लाफार्ज ने एक पुस्तक लिखी थी जिसका शीर्षक था श्आलसी होने का हक्य।इस पुस्तक में उसने कहा था कि हर दिन व्यक्ति को केवल तीन घंटे काम करना चाहिए और उन्होने श्काम से प्रेम करने के पागलपन्य की सख्त शब्दों में निंदा की थी। लगभग दो दशक पहले एक किताब श्हेलो आलस्यय प्रकाशित हुई। इसमें बताया गया था कि काम करने से कैसे बचा जा सकता है और वहा यह बेस्टसेलर पुस्तक थी। सन् 1982 में फ्रांस्वा मित्तरॉ ने सेवानिवृत्ति की आयु 65 से घटाकर 60 वर्ष की थी। दो दशक बाद फ्रांस ने 35 घंटे का वर्किंग वीक लागू कर दिया। सन् 1990 में 60 प्रतिशत फ्रेंच काम को श्बहुत महत्वपूर्णय मानते थे। सन् 2021 में इनका प्रतिशत मात्र 24 रह गया। महामारी ने काम को महत्वहीन मानने वालों की संख्या में वृद्धि की है। फ्रेंच नहीं चाहते कि काम का उनके जीवन में केन्द्रीय महत्व हो और इस स्थिति से छेड़छाड़ करने वाले किसी भी नेता को वे पसंद नहीं करते। परंतु मेक्रान अपने पूर्ववर्तियों से अलग हैं। वे अपने निर्णय से पीछे हटने को तैयार नहीं हैं। उन्हें मालूम है कि 2027 में उनके कार्यकाल की समाप्ति के बाद संवैधानिक प्रावधानों के चलते वे फिर से चुनाव नहीं लड़ पाएंगे इसलिए उन्हें फर्क नहीं पड़ता कि वे कितने अलोकप्रिय हैं। संसद में उनका बहुमत नहीं है परंतु इसके बाद भी वे एक विशेष संवैधानिक प्रावधान का उपयोग करके पेंशन सुधार लागू करवा सकते हैं। इससे लोगों में असंतोष और बढ़ेगा। इतिहास गवाह है कि फ्रेंच लोग विरोध, प्रदर्शनों और क्रांति की सुगबुगाहट को बेहद पसंद करते हैं और स्वयं को अपने जीवन का एकमात्र मालिक मानते हैं। हो सकता है कि मेक्रान जो कर रहे हैं वह देश की भलाई के लिए हो। परंतु इसका परिणाम क्या होगा यह कहना मुश्किल है। यह भी हो सकता है कि सन् 2027 में फ्रांस घोर दक्षिणपंथी नेता मरीन ला पेन को सिर आंखों पर बिठा ले।

**उसके पास नरेंद्र मोदी के रूप में करिश्माई नेता हैं और वह बेहद साधन संपन्न पार्टी है। अगर कांग्रेस कोई नैरेटिव बनाने की कोशिश करती है तो भाजपा हमेशा उसका काउंटर नैरेटिव लेकर खड़ी रहती है। पिछले नौ–दस साल में भाजपा ने प्रचार के दम पर, प्रधानमंत्री के भाषणों के जरिए और काफी हद तक मीडिया की मदद से नेहरू गांधी परिवार के प्रति नकारात्मक माहौल बनाया है। नेहरू गांधी...**

## राहुल क्या आपदा को अवसर में बदल पाएंगे?

अजीत द्विवेदी

यह यक्ष प्रश्न है कि राहुल गांधी के ऊपर अभी जो आपदा आई है उसे वे अवसर में बदल सकते हैं या नहीं? राजनीतिक नजरिए से देखें तो यह बड़ा मौका है। अब तक कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी दावा करते रहे हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनसे डरते हैं, पहली बार ऐसी स्थितियां हैं जब वे अपने दावे पर देश के लोगों को यकीन दिला सकते हैं। राहुल अब पूरे देश में घूम कर कह सकते हैं कि दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा और सबसे लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी उनसे डरते हैं और इसलिए उनकी लोकसभा की सदस्यता समाप्त करा दी गई है। इसमें सचाई चाहे जितनी हो लेकिन लोग इस पर सोचने के लिए मजबूर होंगे। उससे जो नैरेटिव बनेगा वह कांग्रेस को राजनीतिक रूप से फायदा पहुंचा सकता है। उससे राहुल गांधी की छवि मजबूत होगी और कांग्रेस को चुनावी लाभ मिलेगा।

यह काम इंदिरा गांधी ने 1978 में किया था, जब उनकी लोकसभा की सदस्यता समाप्त की गई थी और उनको गिरफ्तार किया गया था। लेकिन सवाल है कि क्या राहुल गांधी इतने सक्षम हैं और कांग्रेस पार्टी इतनी मजबूत है कि इंदिरा गांधी का इतिहास दोहरा सके? इसमें कोई संदेह नहीं है कि कांग्रेस अब वैसी पार्टी नहीं है, जैसी अस्सी के दशक में थी और न राहुल गांधी अपनी दादी इंदिरा गांधी की तरह करिश्माई नेता हैं। देश की राजनीति भी पहले की तरह स्वाभाविक और सहज नहीं रह गई है और न मतदाता वैसे रह गए हैं, जैसे 40 साल पहले थे। इसके बावजूद दमदार नेता अपनी कहानी से राजनीति की दिशा बदल सकता है। अरविंद केजरीवाल से लेकर जगन मोहन रेड्डी तक अनेक मिसालें दी जा सकती हैं। खुद नरेंद्र मोदी एक मिसाल हैं, जिन्होंने 2002 के गुजरात दंगों के बाद लगे आरोपों और प्रतिकूल परिस्थितियों को अपनी राजनीतिक ताकत बना लिया था।

राहुल गांधी भी ऐसा कर सकते हैं बशर्ते कि वे अपनी राजनीतिक राह खुद बनाएं। सबसे पहले तो उनको अपनी राजनीतिक रणनीति खुद बनानी शुरू करनी चाहिए। जब तक वे अपनी मां पर निर्भरता समाप्त नहीं करेंगे तब तक वे स्वाभाविक नेता नहीं बन सकते हैं। अभी उनके ईर्द–गिर्द सोनिया गांधी का एक सुरक्षा कवच दिखता है। हर मौके पर वे ढाल की तरह राहुल को बचाने आ जाती हैं। सूरत की अदालत में राहुल गांधी को दो साल की सजा हुई और उसके अगले दिन उनकी लोकसभा की सदस्यता समाप्त हुई तो सोनिया गांधी ने कांग्रेस की रणनीति बनाने की बैठक की। उनकी बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे और प्रियंका गांधी वाड्रा भी शामिल हुईं। अशोक गहलोत से लेकर तमाम पुराने कांग्रेसी नेता बैठे और आंदोलन की योजना बनाई। इससे राहुल का कोई फायदा नहीं होने वाला है। हकीकत यह है कि उनका कोई भी राजनीतिक अभियान शुरू होता है तो इस पहलू की चर्चा ज्यादा होती है कि किसने योजना बनाई और कैसे उस पर अमल हुआ। राहुल को इस मामले में भाजपा से सीखना चाहिए। वहां योजना कोई भी बनाता हो सारे काम करते हुए नरेंद्र मोदी ही दिखते हैं। इससे यह धारणा बनती है कि नरेंद्र मोदी सब जानते हैं और सब काम करने में सक्षम हैं। इसके उलट राहुल के बारे में धारणा है कि उनसे राजनीतिक कराई जाती है। उनको यह धारणा तोडने की जरूरत है।

दूसरे, कांग्रेस की प्रतिक्रिया त्वरित होनी चाहिए। हर मामले में इंतजार और तैयारी से हवा बिगड़ जाती है। जैसे मौजूदा मामले में सूरत की अदालत का फैसला आने के पहले से आंदोलन की योजना बनी हुई होनी चाहिए थी। कांग्रेस का आंदोलन स्वंतरूस्फूर्त दिखना चाहिए था। इंदिरा गांध ी को जब गिरफ्तार किया गया था तब कांग्रेस को लोग जुटाने की जरूरत नहीं पड़ी थी। अपने आप लाखों लोग सड़कों पर निकले थे। हो सकता है कि कांग्रेस के नेता परदे के पीछे से इसकी प्लानिंग पहले से किए हुए हों लेकिन उस समय ऐसा लगा कि लोग अपने आप सड़क पर उतरे हैं। उसी तरह कांग्रेस की तैयारी पहले से होनी चाहिए थी। सूरत की अदालत से सजा सुनाए जाने के साथ ही अगर देश भर में लोग सड़कों पर उतरते तो उसका ज्यादा असर होता। अब कांग्रेस तैयारी करके आंदोलन करेगी तो वह प्रायोजित लगेगा।

तीसरा, राहुल गांधी को उच्च नैतिक मानदंड स्थापित करना चाहिए। उनको ऐलान कर देना चाहिए कि अगर हाई कोर्ट या सुप्रीम कोर्ट उनको सदस्यता बहाल कर देती है तब भी वे सांसद नहीं रहेंगे। इस लोकसभा में अब वे कदम नहीं रखेंगे। उन्हें इस मामले में अपनी कहानी बनानी होगी। कहानी चाहे कितनी भी काल्पनिक हो लेकिन अगर लोग उस पर यकीन करें तो वह हिट हो सकती है। राहुल गांधी केंद्र सरकार को चुनौती दे सकते हैं। वे कह सकते हैं कि सरकार अगर चाहती है कि वे सड़क पर उतर कर संघर्ष करें तो वे संसद की बजाय सड़क पर लड़ेंगे। इससे भाजपा बैकफुट पर आएगी और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में जोश आएगा। राहुल इस कानूनी लड़ाई को सड़क पर ले जाकर राजनीतिक बना सकते हैं। उनको पता होना चाहिए कि अंततरू उनको जनता के बीच जाकर राजनीतिक लड़ाई ही लडनी है।

मुश्किल यह है कि कांग्रेस में वह जज्बा और जुनून नहीं है, जिसके दम पर वह सड़क पर उतर कर एक साल लड़ाई लड़े। पार्टी के ज्यादातर नेता सोशल मीडिया में ही आंदोलन कर रहे हैं। उनको ट्विटर, फेसबुक और इंस्टाग्राम पर ही क्रांति करनी है। दूसरी मुश्किल यह है कि पार्टी के पास साधन और सलाहियात भी नहीं हैं। खबर है कि भारत जोड़ो यात्रा के बाद पार्टी का खजाना खाली हुआ है। इसलिए लाखों को लोगों को मोबिलाइज करना और एक साल तक आंदोलन चलाए रखना मुश्किल है। तीसरी, मुश्किल यह है कि अब इंदिरा गांधी के जमाने जैसा माहौल नहीं है। उस समय कांग्रेस विरोधी गठबंधन के नेता मोरारजी देसाई थे और कांग्रेस विरोधी ताकतें बिखरी हुई थीं। अभी कांग्रेस विरोधी ताकत यानी भाजपा अपनी शक्ति के चरम पर है।




# आईपीएल 2023 पर छाया कोरोना का साया, बढ़ते मामलों के बीच बीसीआईसीआई का बयान, करेंगे नियमों का पालन



आईपीएल के 16वें सीजन के साथ ही कोरोना वायरस ने दस्तक दे दी है। बीते कुछ सप्ताहों का आंकड़ा देखें तो कोरोना वायरस के मामलों में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है, जिससे परेशानी बढ़नी है। कई राज्यों में 30 प्रतिशत कोविड के मामले सामने आए है।गौरतलब है की कोरोना वायरस का पहला मुकाबला गुजरात जायंट्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। आईपीएल की शुरुआत 31 मार्च से होने जा रही है। एक तरह जहां फैंस आईपीएल को लेकर बेहद उत्साहित है, वहीं टीमें भी आपस में भिड़ने के लिए पूरी तैयारियों में जुटी हुई है। इसी बीच देश भर में कोरोना वायरस के मामलों में बढ़ोतरी हो रही है जिससे परेशानी खड़ी हो गई है। आईपीएल के 16वें सीजन के साथ ही कोरोना वायरस ने दस्तक दे दी है। बीते कुछ सप्ताहों का आंकड़ा देखें तो कोरोना वायरस के मामलों में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है, जिससे परेशानी बढ़नी है। कई राज्यों में 30 प्रतिशत कोविड के मामले सामने आए है। गौरतलब है की कोरोना वायरस का पहला मुकाबला गुजरात जायंट्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा।

बीसीआईसीआई ने लिया फैसलाः बीसीआईसीआई के कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों को देखते हुए कोरोना के नियमों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए है। बीसीआईसीआई स्टेडियम के अंदर भीड़ को संभालने के लिए पूरी तैयारी में है। इसे लेकर बीसीआईसीआई सरकार की गाइडलाइंस का पालन करेगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और राज्य सरकारों द्वारा जारी सभी नियमों का पालन किया जाएगा। बीसीआईसीआई ने एहतियात के तौर पर सभी टीमों के खिलाड़ियों, कोच, स्टाफ, स्टेडियम स्टाफ आदि को स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने के निर्देश दिए है।

बीसीआईसीआई ने कोविड पॉलिसी में नहीं किए बदलाव

वहीं बीसीआईसीआई ने अपनी कोविड पॉलिसी में किसी तरह के बदलाव नहीं किए है। बीसीआईसीआई के नियमों के तहत कोविड 19 से संक्रमित खिलाड़ी को अब भी 7दिन के क्वारेंटाइन का पालन करना होगा। नियमों के अनुसार क्वारेंटाइन तबतक रहना होगा जबतक खिलाड़ी के लगातार तीन टेस्ट नेगेटिव न आ जाए।

# डेविस कप में स्पेन की भिड़ंत सर्बिया से, क्रोएशिया से खेलेगा अमेरिका

लंदन। दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्कारेज और दूसरे नंबर के खिलाड़ी नोवाक जोकोविच की डेविस कप में भिड़ंत देखने को मिल सकती है क्योंकि स्पेन और सर्बिया को इस टीम टेनिस टूर्नामेंट के ग्रुप सी में रखा गया है। स्पेन सितंबर में वेलेंसिया में ग्रुप सी की मेजबानी करेगा जिसमें उसके और सर्बिया के अलावा चेक गणराज्य और दक्षिण कोरिया को भी रखा गया है।



ग्रुप डी में अमेरिका का सामना दो बार के चौंपियन क्रोएशिया से होगा जबकि ग्रुप की दो अन्य टीम फिनलैंड और नीदरलैंड हैं। इस ग्रुप की मेजबानी क्रोएशिया करेगा लेकिन शहर और स्थल की घोषणा अभी नहीं हुई है। पिछले साल पहली बार खिताब जीतने वाले कनाडा को मेजबान इटली, स्वीडन और चिली के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। ग्रुप बी में मेजबान ब्रिटेन, पिछले साल के उप विजेता ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस और स्विट्जरलैंड को जगह मिली है। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीम अंतिम आठ टूर्नामेंट में जगह बनाएंगी जो स्पेन के मलागा में नवंबर में खेला जाएगा। स्पेन ने पिछले साल ग्रुप चरण में सर्बिया को हराया था लेकिन तब जोकोविच और स्पेन के रफेल नडाल दोनों ने ही उस मुकाबले में हिस्सा नहीं लिया था। जोकोविच को पछाड़कर इस महीने दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी बने अल्कारेज पिछले साल स्पेन टीम का हिस्सा थे लेकिन सर्बिया के खिलाफ नहीं खेले थे।

# नौका में आग लगने से 12 लोगों की मौत, सात अन्य लापता



फिलीपीन द्वीपों के बीच करीब 250 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को लेकर जा रही एक नौका में आग लगने से 12 लोगों की मौत हो गई और सात अन्य अब भी लापता हैं। प्रांतीय गवर्नर ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। बेसिलन के दक्षिणी द्वीप प्रांत के गवर्नर जिम हाटामैन ने बताया कि बचाए गए लोगों में से कई आग लगने के बाद घबराकर पानी से कूद गए थे। उन्हें तट रक्षक, नौसेना, एक अन्य नौका और स्थानीय मछुआरों द्वारा समुद्र से निकाला गया। तलाश एवं बचाव अभियान बृहस्पतिवार को भी जारी है।

गवर्नर ने बताया कि नौका 'एमवी लेडी मैरी जॉय 3' पर सवार अधिकतर लोगों को रातभर जारी अभियान के दौरान बचा लिया गया। विभिन्न एजेंसियों द्वारा मृतक संख्या का मिलान किया जा रहा है, इसलिए मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका है। गवर्नर ने बताया कि मृतकों में तीन बच्चे भी शामिल हैं। हादसे में कम से कम 23 यात्री घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। गवर्नर जिम हाटामैन ने 'द एसोसिएटेड प्रेस' से फोन पर बातचीत में कहा, ''आग लगने की वजह से मचे हंगामे के कारण कुछ यात्रियों की नींद खुल गई। कुछ जहाज से कूद गए।'' अधिकारियों ने बताया कि जिन लोगों की डूबने से मौत हो गई, उनमें से अधिकतर के शव बरामद कर लिए गए हैं। हाटामैन ने बताया कि जली हुई नौका को बसिलन के तटरेखा तक ले जाया गया है। मामले की जांच की जा रही है। फिलीपीन द्वीपसमूह में लगातार तूफान, खराब हालत वाली नौकाओं, नौकाओं के क्षमता से अधिक भरे होने और सुरक्षा नियमों के लागू करने में ढिलाई के कारण खासकर दूरदराज के प्रांतों में समुद्री दुर्घटनाएं आम हैं। गौरतलब है कि दिसंबर 1987 में नौका 'डोना पाज' एक ईंधन टैंकर से टकराने के बाद डूब गई थी जिसमें 4,300 से अधिक लोग मारे गए थे।

# केंसर समेत दुर्लभ बीमारियों के इलाज की दवाईयों पर नहीं लगेगा सीमा शुल्क, केंद्र सरकार ने दी राहत

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने दुर्लभ रोगों के उपचार के संबंध



में निजी उपयोग के लिए विशेष चिकित्सा उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए आयातित सभी औषधियों व खाद्य सामग्रियों को सीमाशुल्क से पूरी छूट दे दी है। यह छूट एक अप्रैल से प्रभाव में आएगी। सरकार ने भिन्न–भिन्न प्रकार के कैंसर के उपचार में इस्तेमाल होने वाले पेमब्रोलीजूमाब (केट्रूडा) को भी बुनियादी सीमा शुल्क से मुक्त कर दिया है। दवाओंध्औषधियों पर आम तौर से 10 प्रतिशत बुनियादी सीमा शुल्क लगता है, जबकि प्राणरक्षक दवाओंध्टीकों की कुछ श्रेणियों पर रियायती दर से पांच प्रतिशत या शून्य सीमा शुल्क लगाया जाता है। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ''केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय दुर्लभ रोग नीति 2021 के तहत सूचीबद्ध सभी दुर्लभ रोगों के उपचार के संबंध में निजी उपयोग के लिए विशेष चिकित्सा उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए आयातित सभी औषधियों व खाद्य सामग्रियों को सीमाशुल्क से पूरी छूट दे दी है।'' स्पाइनल मस्कुलर एट्रॉफी या डूशेन मस्कुलर डिस्ट्रॉफी के उपचार के लिए निर्धारित दवाओं के लिए छूट पहले से प्रदान की जाती है, लेकिन सरकार को ऐसे कई प्रतिवेदन मिल रहे थे, जिनमें अन्य दुर्लभ रोगों के उपचार में इस्तेमाल होने वाली दवाओं और औषधियों के लिए सीमा शुल्क में राहत का अनुरोध किया गया था। इन रोगों के उपचार के लिये दवाएं या विशेष खाद्य सामग्रियां बहुत महंगी हैं तथा उन्हें आयात करने की जरूरत होती है।

# Jaipur Serial Blasts Case, चार दोषी बरी, हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देगी राजस्थान सरकार

जयपुर शहर में वर्ष 2008 में हुए सिलसिलेवार बम धमाकों के मामले में उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए फैसले का उन लोगों ने 'सदमा' करार दिया है जध्न्ध्हिोंने इन धमाकों में अपने परिजनों को गंवा दिया था। वहीं, एक सरकारी वकील ने कहा है कध्ि राज्ध्य सरकार इस फैसले को उच्चतम न्यायालय में चुनौती देगी। राजस्थान उच्च न्यायालय ने बुधवार को इस मामले में वर्ष 2019 में निचली अदालत द्वारा दी गई मौत की सजा को रद्द करते हुए चारों आरोपियों को बरी कर दिया था। इसके साथ ही उच्च न्यायालय ने खराब जांच के लिए भी जांच एजेंसी को फटकार लगाई।

राजस्थान की राजधानी जयपुर में 13 मई 2008 को सिलसिलेवार हुए आठ बम धमाकों में कम से कम 71 लोगों की मौत हुई थी और 180 से अधिक घायल हुए थे। वहीं, नागरिक अधिकार कार्यकर्ताओं ने 15 साल जेल में बिताने वाले आरोपियों को मुआवजा देने, धमाकों में मारे गए और घायल हुए लोगों को न्याय दिलाने के लिए मामले की नए सिरे से जांच की मांग की है। लगभग 11 साल पहले हुए आठ सिलसिलेवार बम धमाकों ने जयपुर के परकोटे शहर को हिला दिया था। पहला धमाका चांदपोल हनुमान मंदिर और उसके बाद दूसरा सांगानेरी गेट हनुमान मंदिर पर हुआ था। इसके बाद बड़ी चौपड़, जोहरी बाजार, छोटी चौपड़ और तीन अन्य स्थानों पर धमाके हुए थे। बम साइकिल पर टिफिन बॉक्स में रखे गए थे। उच्च्च न्ध्यायालय का फैसला आने के बाद कपड़ा कारोबारी राजेंद्र साहू ने सवाल उठाया, क्या यही न्याय है? साहू की पत्नी सुशीला विस्ध्फोट के कारण चोटिल हुईं थी। सिर में चोट के कारण वह चार साल तक कोमा में रहीं और 2012 में उनका निधन हो गया। साहू पूछते हैं, ''अगर उन्होंने (आरोपियों ने) विस्फोट नहीं किए तो 71 निर्दोष लोगों की हत्या के लिए कौन जिम्मेदार है? जिन्होंने अपनों को खोया या जो आज भी उस दर्द को जी रहे हैं, उनके इस गहरे दर्द का जिम्मेदार कौन है?



अगर वे चारों दोषी नहीं थे तो दोषी कौन था? यह एक ज्वलंत प्रश्न है और सभी को इसका उत्तर चाहिए।'' उन्होंने कहा कि अगर जांच अधिकारी ने निष्पक्ष जांच नहीं की, या वे सच तक पहुंचने में नाकाम रहे तो सरकार को उनसे जवाब मांगना चाहिए कि कौन जिम्मेदार है। उन्ध्होंने कहा, ''हमें न्याय दिलाना राज्य की जिम्मेदारी है। मैं भुलाने की कोशिश कर रहा हूं कि इतने साल में मेरे परिवार के साथ क्या हुआ, लेकिन जो हुआ उसे भुलाना संभव नहीं है। हो सकता है कि मैं नियमित और सामान्य रूप से कामकाज कर रहा हूं लेकिन उन चीजों का क्या जो हमेशा मेरे दिमाग में बार–बार आती हैं कि यह सब क्यों हुआ जबकि हमने किसी को नुकसान नहीं पहुंचाया।'' साहू की पत्नी चांदपोल स्थित हनुमान मंदिर में प्रसाद चढ़ाने गई थीं। गजेंद्र सिंह राजावत भी भगवान हनुमान के अन्य भक्तों में से एक थे जो उस शाम हाथों में प्रसाद लेकर मंदिर में प्रवेश कर रहे थे। तभी जोर का धमाका सुना और वह बेहोश हो गए। धमाकों में बाल–बाल बचे राजावत कहते हैं,"मेरे शरीर में 22 छर्रे लगे। मैंने जो दर्द महसूस किया वह आरोपियों के बरी होने के दर्द के सामने समय बौना है।'' राजस्थान की विशेष अदालत ने 18 दिसंबर 2019 को इस मामले में आरोपी मोहम्मद सरवर आजमी, मोहम्मद सैफ, मोहम्मद सलमान और सैफुर्रहमान को दोषी माना जबकि शाहबाज हुसैन को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त करार दिया। राज्य सरकार ने शाहबाज हुसैन को बरी किए जाने के फैसले को उच्च्च न्ध्यायालय में चुनौती दी थी। वहीं, चारों ने सजा के खिलाफ अपील दायर की थी। न्यायमूर्ति पंकज भंडारी और न्यायमूर्ति समीर जैन की खंडपीठ ने बुधवार को चारों को बरी करने का फैसला सुनाया। अदालत ने अपने आदेश में निचली अदालत द्वारा पांचवें व्यक्ति–शाहबाज हुसैन को बरी करने की भी पुष्टि की। न्यायालय ने बुधवार को इस मामले को संस्थागत विफलता का ' उत्कृष्ट उदाहरण' करार दिया जिस कारण गलतध्दोषपूर्णध्घटिया जांच हुई। अदालत ने विस्फोट मामले में चारों आरोपियों को बरी कर दिया। साथ ही, पीठ ने कहा कि शायद यह सच हो कि अगर किसी जघन्य अपराध के अभियुक्तों को सजा नहीं मिलती है या उन्हें बरी कर दिया जाता है, तो समाज और विशेष रूप से पीड़ितों के परिवार में पीड़ा और निराशा पैदा हो सकती है। अदालत ने कहा कि कानून अदालतों को नैतिक विश्वास या केवल संदेह के आधार पर आरोपियों को दंडित करने की अनुमति नहीं देता है। कोई दोषसिद्धि केवल दिए गए निर्णय की निंदा की आशंका पर आधारित नहीं होनी चाहिए। अदालत ने यह भी कहा कि उच्ध्चतम न्ध्यायालय ने प्रकाश सिंह व अन्य बनाम भारत संघ व अन्य के मामले में अपने फैसले में पुलिस शिकायत प्राधिकरण के गठन पर विचार किया था जो राजस्थान राज्य में अब भी समुचित रूप से गठित नहीं है। न्ध्यायालय ने अपने आदेश में कहा है,'' यह मामला संस्थागत विफलता का एक उत्कृष्ट उदाहरण है

# दिसंबर तक पूरा हो जाएगा मुंबई–गोवा राजमार्ग का कामः नितिन गडकरी

ठाणे। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि



मुंबई–गोवा राजमार्ग का काम इस साल दिसंबर तक पूरा हो जाएगा, जिससे राज्य के कोंकण क्षेत्र में विकास को बड़ी गति मिलेगी। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री गडकरी ने पलास्पे–इंदुपुर राष्ट्रीय राजमार्ग और अन्य मार्गों को पक्का करने के लिए पनवेल में आयोजित 'भूमि पूजन' समारोह के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि ठेकेदार की समस्याओं, भूमि अधिग्रहण, मंजूरियों जैसे मुद्दों के कारण राज्य के कोंकण क्षेत्र में कई काम रुके हुए हैं। इस दौरान गडकरी ने 13,000 करोड़ रुपये की लागत से मोरबे–करंजदे सड़क के निर्माण की भी घोषणा की। यह सड़क जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह से होकर जाएगी और मुंबई तथा दिल्ली के बीच की दूरी को घटाकर 12 घंटे कर देगी। उन्होंने कहा कि 1,200 करोड़ रुपये से कालम्बोली जंक्शन और 1,200 करोड़ रुपये से पगोडे जंक्शन पर भी काम जल्द ही शुरू होगा। उन्होंने कहा कि काफी समय से रुके हुए मुंबई–गोवा राष्ट्रीय राजमार्ग का काम इस साल दिसंबर तक पूरा हो जाएगा, जिससे कोंकण क्षेत्र के विकास की संभावनाओं को बढ़ावा मिलेगा। गडकरी ने कहा, ''मुंबई–गोवा राजमार्ग, महाराष्ट्र के कोंकण में 66 पर्यटन स्थलों को जोड़ता है। इससे विकास को बहुत बढ़ावा मिलेगा। यह फलों के लिए प्रसिद्ध क्षेत्र से फलों और अन्य उत्पादों का जल्द परिवहन भी सुनिश्चित करेगा।

## २२ वर्षीय युवक घर से लापता खोज बीन में जुटी सका पुलिस

दैनिक बुद्ध का संदेश



उसका बाजार सिद्धार्थनगर। थाना क्षेत्र उसका बाजार के तिघरा गांव के निवासी सुबाश दूबे पुत्र अवधराज दूबे है जिनका उम्र 22 वर्ष है युवक का रंग गोरा है हाइट 5.8 फिट है युवक 9 मार्च 2023 से सायं लगभग पांच बजे घर से लापता हो गया लेकिन अभी तक घर नहीं पहुंचा है परिजन द्वारा युवक की खोज बीन में जुट गई युवक के न मिलने पर परिजनों ने गुमशुदगीय का तहरीर 30 मार्च 2023 को थाना उसका बाजार में दिया। उपनिरीक्षक चंद्रभान मिश्रा ने बताया कि युवक का गुमशुदगी का मुकदमा पंजीकृत किया गया है अगर जिसे भी युवक दिखे तो मोबाइल नंबर 902627673, 9692036810, 7007218315, 9454404244 पर सूचना दे जिससे युवक की पहचान हो सके।

थाना प्रभारी/उसका बाजार पुलिस,
जनपद–सिद्धार्थनगर,उ0प्र0

# अमृतपाल सिंह के खिलाफ कार्रवाई के दौरान हिरासत में लिए गए 348 लोग रिहा किये गएः पंजाब सरकार

चंडीगढ़। पंजाब सरकार ने सिखों की सर्वोच्च धार्मिक संस्था अकाल तख्त को सूचित किया है कि कट्टरपंथी उपदेशक अमृतपाल सिंह के खिलाफ पुलिस कार्रवाई के दौरान हिरासत में लिए गए 360 लोगों में से 348 को अब रिहा कर दिया गया है। अकाल तख्त के जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह के निजी सचिव जसपाल सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि राज्य सरकार की ओर से संदेश मिला है कि बाकी लोगों को भी जल्द रिहा कर दिया जाएगा। इस हफ्ते की शुरुआत में अकाल तख्त के जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने पंजाब सरकार को अल्टीमेटम दिया था कि अमृतपाल सिंह और उसके सहयोगियों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई के दौरान पकड़े गए सभी सिख युवकों को रिहा कर दिया जाए। जत्थेदार ने पुलिस कार्रवाई के दौरान कुछ लोगों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत मामला दर्ज करने के लिए राज्य सरकार की निंदा भी की थी। जत्थेदार के अल्टीमेटम से कुछ दिन पहले पंजाब पुलिस ने कहा था कि हिरासत में लिए गए लोगों में से करीब 30 कुख्यात अपराधी हैं जबकि शेष लोगों को जांच के बाद रिहा कर दिया जाएगा। इस बीच, पुलिस ने अमृतसर और बठिंडा तथा उसकेआस–पास के इलाकों की सुरक्षा बढ़ा दी है, क्योंकि अमृतपाल सिंह अमृतसर में स्वर्ण मंदिर अथवा बठिंडा में तख्त श्री दमदमा साहिब में प्रवेश करने के बाद आत्मसमर्पण कर सकता है। अमृतपाल के खिलाफ 18 मार्च को पुलिस ने कार्रवाई शुरू की थी और तभी से वह फरार है। लेकिन गत बुधवार को वह एक वीडियो में दिखा था। नवीनतम वीडियो में, अमृतपाल सिंह अकाल तख्त के जत्थेदार से सरबत खालसा (सिख समुदाय से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने के लिए एक सम्मेलन)आयोजित करने का आग्रह करता दिख रहा है। अमृतपाल ने समुदाय के सदस्यों से बड़ी संख्या में इसमें हिस्सा लेने को कहा। उसने अपनी अपील में कहा, '' अगर हमें नौजवानों और पंजाब को बचाना है तो हमें सरबत खालसा का हिस्सा बनना चाहिए। हम जानते हैं कि हम किस रास्ते पर चल रहे हैं, हमें इन सबका सामना करना होगा। इसके खिलाफ आवाज उठाना हमारा कर्तव्य है।



## पति की पिटाई से आहत पत्नी ने दी जान, दो पर केस दर्ज

भटनी। बनकटा दीक्षित गांव में पति की पिटाई से आहत पत्नी ने जान दे दी। समूह का कर्ज भरने के लिए रुपये मांगने पर पति–पत्नी में विवाद हुआ था। मृतक महिला के भाई की शिकायत पर पुलिस ने .पति और देवर पर आत्महत्या को विवश करने का मुकदमा दर्ज किया। लार थाना क्षेत्र के खरदहा घनश्याम गांव निवासी संतलाल प्रसाद की बेटी सोनी (28) की शादी भटनी के बनकटा दीक्षित गांव के राजेश से 2013 में हुई थी। दोनों से एक बेटी और दो बेटे हैं। दोनों बच्चों के साथ खुशहाल जिंदगी बीता रहे थे। पति मेहनत मजदूरी कर घर का खर्च चलाता था, पर महंगाई की वजह से इतनी आमदनी नहीं होती थी कि परिवार की आजीविका चल जाए। इसलिए सोनी ने घर की जरूरतों के लिए गांव के समूह से कुछ रुपये कर्ज ली थी। कुछ दिनों से कर्ज की भरपाई के लिए सोनी पति से रुपये मांग रही थी। रविवार को इसी बात को लेकर पति–पत्नी और देवर में विवाद हो गया। इससे नाराज राजेश ने सोनी की पिटाई कर दी। पति की पिटाई से दुखी पत्नी ने कमरा बंद कर लिया। कुछ देर बाद खेल कर घर लौटे बच्चों ने दरवाजा खोलने की कोशिश की तो दरवाजा नहीं खुला। नौ वर्षीय बेटी ने खिड़की के रास्ते देखा तो मां को फंदे से लटका देख चीख पड़ी। आवाज सुनकर परिजन और पड़ोसी पहुंचे तो अंदर का नजारा देखकर सन्न रह गए। जानकारी पर पहुंचे मृतक के भाई सुनील ने इसकी शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने पति राजेश प्रसाद और देवर सुनील कुमार पर आत्महत्या के लिए मजबूर करने का केस दर्ज किया। एसओ श्यामानंद राय ने बताया कि फंदे से लटकी महिला का शव मिला था। मायके पक्ष की तहरीर पर पति और देवर पर केस दर्ज किया गया है।

## 11 हजार वोल्ट का करंट लगने से युवक की मौत

रुद्रपुर। क्षेत्र के बड़हरा के चौहान टोले पर 11 हजार वोल्ट के लटके तार की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। घटना सुबह सात बजे की है। वह पानी के टैंकर पर चढ़कर ढक्कन बंद कर रहा था। इसी दौरान हाई वोल्टेज तार की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गया और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। चौहान टोला के रहने वाले अवधेश यादव उम्र 22 बह पानी के एक टैंकर पर चढ़कर उसका ढक्कन बंद कर रहे थे कि ऊपर से गुजरे 11 हजार वोल्ट के ढीले तार की चपेट में आने से बुरी तरह से झुलस कर गिर गए। उनकी उनकी मौके पर ही मौत हो गई। युवक चार भाइयों में सबसे छोटा था। उसके पिता शंभु यादव भी अब इस दुनिया में नहीं हैं। जवान बेटे की मौत होने की जानकारी मिलने पर मां मन्नत देवी और भाई रमेश, उमेश, ब्रजेश दहाड़े मार कर रोने लगे। घर में चीख–पुकार मच गई। गांव वालों के अनुसार युवक की पशुपालन विभाग में नौकरी लग गई थी। वह कुछ ही दिनों में ट्रेंनिग के लिए जाने वाला था। घर के लोग उसकी शादी करने की तैयारी भी कर रहे थे। इस हृदयविदारक घटना से पूरा गांव गमगीन है। सब लोग बिजली निगम को कोस रहे हैं। घटना को लेकर गांववालों में गुस्सा है। उन्होंने बिजली निगम के अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। ग्रामीणों के अनुसार बड़हरा और करमेल बनरही जाने वाले रास्ते पर पोल से कई जगह तार लटक रहा है। एक साल से खतरा बने तार को कई बार सूचना देने के बाद भी टाइट नहीं कराया गया। लोगों ने जिम्मेदार अधिकारियों पर केस दर्ज करने की मांग की। कोतवाल उमेश बाजपेयी ने कहा कि मामले में नियमानुसार कार्रवाई होगी।

## कोरोना का टीका नहीं, मॉक ड्रिल की तैयारी

महराजगंज। जिले में कोरोना से बचाव के तैयारी पूरी है। ऑक्सीजन प्लांट से लेकर बेड दुरुस्त करा दिए गए हैं। बीते दो माह से कोरोना का टीका नहीं लग रहा है। 10 व 11 अप्रैल को मॉक ड्रिल की तैयारी की जा रही है। मॉक ड्रिल के जरिए संसाधनों की कार्य क्षमता की परख की जाएगी। टीका नहीं रहने से केंद्रों से लोग लौट जा रहे हैं। तमाम लोगों को अभी बूस्टर डोज भी नहीं लगी है। जिले में महज 34 प्रतिशत बुजुर्गों को बूस्टर डोज लग पाई है। 45 से 59 वर्ष के बीच 33 प्रतिशत लोगों को बूस्टर डोज लगी है। 18 से 44 वर्ष के बीच 24 प्रतिशत लोगों को टीका लगा है। हेल्थ वर्कर व फ्रंटलाइन वर्कर को शत–प्रतिशत बूस्टर डोज लग चुकी है। लोगों के मुताबिक बूस्टर डोज लगवाने के लिए केंद्रों पर पूछताछ करने पर सटीक जानकारी नहीं मिलती है। करीब दो माह से टीका नहीं लग रहा है। मधवलिया गांव के नरेश ने बताया कि केंद्र पर कई बार पूछताछ की लेकिन कोई जानकारी मिली। अब जाना बंद कर दिए हैं। जिले में कोरोना से बचाव के लिए तैयारियों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बेड से लेकर इलाज की व्यवस्था की जा रही है। 10 व 11 अप्रैल को कोविड हॉस्पिटल में मॉक ड्रिल कर इलाज की व्यवस्था की परख की जाएगी। मॉक ड्रिल को लेकर स्वास्थ्य प्रशासन कोविड अस्पतालों में बेड, वेंटिलेटर और ऑक्सीजन प्लांट को ठीक कर रहा है। शासन ने कोविड हॉस्पिटल और ऑक्सीजन प्लांट में मॉक ड्रिल कर इलाज की व्यवस्था परखने के निर्देश दिए हैं। 100 बेड वाले जिला महिला कोविड हॉस्पिटल में कोरोना से गंभीर पीड़ितों के इलाज के लिए 40 बेड का आईसीयू संचालित है। इसमें 20 बेड बच्चों के लिए सुरक्षित है। इसके अलावा 50–50 बेड वाले कोविड हॉस्पिटल सीएचसी घुघली और गोपाला में 10–10 बेड का आईसीयू वार्ड है। 1940 लीटर प्रति मिनट क्षमता के पांच ऑक्सीजन प्लांट लगे हैं। 11 अप्रैल को एडी व जेडी की देखरेख में कोविड अस्पतालों में मॉक ड्रिल होगी। तीन कोविड अस्पताल में पाइपलाइन से बेड पर ऑक्सीजन देने की सुविधा है।

## टाटा टेक्नोलॉजी की देखरेख में संचालित होगा धनेवा व नौतनवा का आईटीआई

महराजगंज। टाटा टेक्नोलॉजी की ओर से जिले के धनेवा व नौतनवां आईटीआई को संचालित किया जाएगा। कंपनी की ओर से आने वाले दो प्रशिक्षक दो वर्ष तक आईटीआई के प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे। प्रशिक्षित होकर आईटीआई के शिक्षक संस्थान में अध्ययनरत युवाओं को बेहतर ढंग से प्रशिक्षित कर उन्हें सफलता की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेंगे। जिले में इस समय माधोनगर, धनेवा, निचलौल व नौतनवां में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) संचालित होती है। सभी चारों आईटीआई में जहां प्रशिक्षकों की कमी है, वहीं, व्यवस्था व कार्यशाला की भी स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। आईटीआई की स्थिति को सुधारने तथा वहां अध्ययनरत युवाओं को बेहतर ढंग से प्रशिक्षित करने के लिए टाटा कंपनी ने जिले के नौतनवां व धनेवा संस्थान को चयनित किया है। दोनों संस्थानों की दशा को सुधारने के लिए कार्यदायी संस्था के रूप में उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद को जिम्मेदारी देते हुए पहली किस्त की धनराशि भी जारी कर दी गई है। अप्रैल से कार्य प्रारंभ किए जाने की संभावना है। 10 हजार स्क्वायर फीट में बनेगा केंद्रः टाटा की ओर से आईटीआई परिसर में स्थित 10 हजार स्क्वायर फीट भूमि में केंद्र का निर्माण होगा। इसमें अत्याधुनिक कार्यशाला के साथ ही प्रशिक्षण कक्ष आदि का निर्माण होगा। ताकि युवाओं को बेहतर प्रशिक्षण मिल सके। दोनों केंद्र के निर्माण पर व्यय होंगे 7.45 करोड़ः आईटीआई धनेवा में केंद्र के निर्माण पर जहां तीन करोड़ 90 लाख 83 हजार व्यय होंगे, वहीं, नौतनवां केंद्र पर तीन करोड़ 54 लाख 65 हजार की धनराशि व्यय होगी।

# नेपाल जा रहा अमेरिकी नागरिक गिरफ्तार

## कूटरिचत वीजा पकड़ने के बाद आव्रजन विभाग ने पुलिस को सौंपा

सोनौली। भारत में पिछले चार साल से अवैध रूप से रहने वाले अमेरिकी नागरिक को नेपाल जाने के दौरान आव्रजन विभाग ने गिरफ्तार कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने आव्रजन विभाग की तहरीर पर विदेशी नागरिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में प्रस्तुत करते हुए चालान कर दिया। आरोप है कि विदेशी नागरिक की वर्ष 2019 में भारत में रहने के दौरान वीजा की तिथि समाप्त हो गई थी। इसके बाद पुराने वीजा को जलाकर फर्जी तरीके से वीजा बनाकर रहता था। रात करीब दो बजे सोनौली के रास्ते नेपाल जाने के लिए आव्रजन कार्यालय पहुंचा तो जांच के बाद गिरफ्तार हो गया।

आव्रजन अधिकारियों ने वीजा की जांच की तो पता चला कि वीजा जुलाई 2019 में ही समाप्त हो गया है। वीजा में छेड़छाड़ की गई है। आव्रजन अधिकारियों ने विदेशी नागरिक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम एरिक डेनियल बैकविथ निवासी 24 स्ट्रीट एस्टोरिया, न्यूयार्क, यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका बताया। उसने बताया कि पहली बार 2014 में भारत आया था। 24 जून 2017 को चला गया। 22 जून 2018 में अमेरिका से नई दिल्ली पहुंचा था। चार मार्च 2019 को वीजा की वैधता खत्म हो गई थी। पिछले चार वर्षों से भारत के अलग–अलग शहरों में रह रहा था। भारत में हरिद्वार, ऋषिकेश में पूजा–पाठ में लगा था। उसने बताया कि भारत उसे अच्छा लगने लगा था। इसलिए वह यहीं रहने लगा। वह कूटरचित वीजा दिखाकर अपना काम चलाता रहा। भारत के आध्यात्मिक गुरुओं की शरण में ईश्वर की प्राप्ति का मार्ग ढूंढ़ रहा था लेकिन उसके मन को शांति नहीं मिली। उसने नेपाल जाने का इरादा बनाया तो उसकी पोल खुल गई। प्रयागराज से गोरखपुर बस से आया था एरिक डेनियलः एरिक डेनियल प्रयागराज से बस से गोरखपुर पहुंचा था। वह सोनौली तक रोडवेज की बस से आया था। सोनौली कस्बे में नाश्ता करने के बाद उसने सीमा पर प्रत्येक हलचल को ध्यान से देखा। तसल्ली होने के बाद आव्रजन कार्यालय में अपना वीजा पासपोर्ट जांच के लिए दिया। अधिकारियों ने जांच से पहले पूछताछ की तो उसके चेहरे की भाव भंगिमा देखकर संदेश होने पर रोक लिया गया। गहन जांच में वीजा में गड़बड़ी पकड़ में आ गई तो पुलिस को सौंप दिया गया। नेपाल की पहाड़ियों पर करना चाहता था साधनाः एरिक डेनियल ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि वह नेपाल की पहाड़ियों पर साधना करना चाहता है। काठमांडू जाकर बाबा पशुपति नाथ के दर्शन करने के बाद कहीं पहाड़ पर जाने का इरादा था। अध्यात्म से गहरा नाता होने के कारण एरिक डेनियल भारत में भी इधर–उधर भटकते हुए अध्यात्म के रहस्यों को समझने की कोशिश की। ऋषिकेश, हरिद्वार आदि स्थानों पर योग साधना करता रहा। मोबाइल एप के जरिए एडिट किया वीजाः एरिक डेनियल को तकनीकी जानकारी अच्छी है। वह एप के जरिए वीजा को एडिट कर तिथि को बेहद सफाई के साथ बढ़ाकर सुरक्षा एजेंसियों की आंखों में धूल झोंकता रहा। चार साल तक चकमा देने में रहा सफलः एरिक डेनियल भारत में चार साल सुरक्षा एजेंसियों को चकमा देकर आराम से इधर–उधर घूमता रहा। वह अध्यात्म की ज्ञान गंगा में डुबकी लगाने के इरादे से भ्रमण करता रहा। नेपाल नहीं जाता तो शायद अब तक पकड़ में न आता।

## प्रधान और प्रधान के पति समेत पांच पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज

### - न्यायालय के आदेश पर दर्ज हुई रिपोर्ट, एसआई सुमित राय कर रहे जांच

खुखुंदू। थाना क्षेत्र के महुई संग्राम की प्रधान और उनके पति सहित पांच लोगों के खिलाफ पुलिस ने धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने यह कार्रवाई की है। पांचों पर कुटरचित दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी से अनुचित लाभ लेने का आरोप लगा है। एसआई सुमित राय मामले की जांच कर रहे हैं। महुई संग्राम निवासी ओमप्रकाश मिश्रा ने दिए तहरीर में बताया है कि हमारी चाची अमरावती देवी की 21 फरवरी 2020 को मौत हो गई। वह अध्यापिका पद से रिटायर्ड हुई थी। महीने में 20 हजार रुपये उन्हें पेंशन मिलती थी। उनकी मौत के बाद उनका मृत्यु प्रमाणपत्र जारी कराया। जबकि प्रधान के पति प्रधान पद का दुरुपयोग करते हुए आर्थिक लाभ लेने के लिए और क्षति पहुंचाने की नीयत से मेरे साथ धोखाधड़ी करते हुए मेरा फर्जी हस्ताक्षर कर चाची का दूसरा फर्जी मृत्यु प्रमाण 25 दिसंबर 2020 में तैयार कराकर कुटरचित तरीके से पेंशन हड़पने का प्रयास किया। जिसकी जांच कराने पर 7 अगस्त 2021 को तत्कालीन सचिव ने प्रमाणपत्र को फर्जी बताया। हालांकि इसके बाद भी मुझे ही गलत ठहराते हुए प्रधान पद का दुरुपयोग कर मेरे खिलाफ ही सलेमपुर कोतवाली में 2022 में धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। फिर मैंने थाने में पहुंच कार्रवाई की मांग की। लेकिन मेरी सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद पिछले माह मे एसपी संकल्प शर्मा को रजिस्ट्री पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई। सुनवाई नहीं होने पर दो मार्च को न्यायालय के कक्ष संख्या 11 में वाद दाखिल किया। न्यायालय से गांव के प्रधान और उनके पति सहित पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश हुआ। न्यायालय के आदेश के क्रम में यहां की पुलिस ने प्रधान किरन मिश्रा, प्रधान के पति आशुतोष मिश्र उर्फ सोनू, संजय मिश्र उर्फ पप्पू, धीरेन्द्र मिश्र और देवानंद मिश्र निवासी गण महुई संग्राम के खिलाफ कूटरचित दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी से अनुचित लाभ लेने के संदर्भ में केस दर्ज की है। इंस्पेक्टर संतोष कुमार सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर कार्रवाई हुई है। जांच हलका के एसआई सुमित राय कर रहे हैं।

## चौड़ी होंगी सड़कें, लोगों को मिल जाएगा आशियाना

देवरिया। देवरिया विकास प्राधिकरण अगर बन जाए तो शहर के विकास का इंफ्रास्ट्रक्चर नये तरीके का होगा। सुनियोजित विकास और सड़कें चकाचक होंगी। लोगों को आवास के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। सुरक्षित कॉलोनियों में उन्हें आशियाना मिल जाएगा। इसके लिए प्राधिकरण का होना जरूरी है। इसके लिए शहर मानक भी पूरा कर रहा है। विकास प्राधिकारण बनने के अड़चन में नये जनसंख्या का पेंच फंसा हुआ है। इतना जरूर है कि देर–सवेर प्राधिकरण बनना तय है। देवरिया को विकास प्राधिकरण बनाने के लिए दिसंबर 2019 में प्रयास किया गया। तत्कालीन जिलाधिकारी अमित किशोर ने इसका प्रस्ताव भेजा था, लेकिन निर्धारित भारांक जनसंख्या के हिसाब से 60 की जगह 57 होने के कारण इसके बनने की राह में रोड़ा अटक गया था एक बार फिर से जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने जनवरी माह में विकास प्राधिकरण के मानक पूरा होने की बात कहते हुए नगर विकास मंत्रालय को प्रस्ताव भेजा था, लेकिन अब 2021 में नई जनसंख्या की गणना न होने के कारण प्राधिकरण की राह में रोड अटका हुआ है। 2012 की जनसंख्या के आधार पर शहर की आबादी 1.29 थी। जबकि प्राधिकरण बनने के लिए शहर की जनसंख्या 1.50 लाख होनी चाहिए। करीब 11 साल का समय गुजरने के बाद नगर पालिका क्षेत्र में 23 गांवों को शामिल कर लिया गया है। इससे जनसंख्या करीब ढाई लाख के पार हो गई है। पालिका परिषद देवरिया की नई मतदाता सूची में 1.81 लाख वोटर हो गए हैं। वहीं शहर हाईवे मार्ग से जुड़ गया है और बाइपास मार्ग भी मंजूर हो गया है। इससे निर्धारित भारांक (अंक) 60 की जगह 62 तक पहुंच गया है। इससे साफ जाहिर हो रहा है कि विकास प्राधिकरण के मानक पर शहर खरा उतर रहा है।

## आयोजित जिलास्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर बधाई

दैनिक बुद्ध का सन्देश

भिटौली, महराजगंज। विकास खण्ड परतावल के धर्मपुर चौराहा




स्थित द होप क्लासेज की टीम नें रफीउल्लाह इस्लामिया इंटर कालेज सिसवा मुन्शी मे आयोजित जिलास्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस टीम में पाँच छात्राओं खुशी गुप्ता, महक चौबे, आकांक्षा चौहान, अनुष्का जायसवाल और शीतल जायसवाल ने प्रतिभाग किया तो वहीं विज्ञान मॉडल में भी इस संस्था के छात्रों प्रभुनाथ, प्रिन्स, करन, दुर्गेश,नेहरु और रवि की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया और एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि इस संस्था में ना केवल विषयों को पढ़ाया जाता है बल्कि सभी छात्र एवं छात्राओं का सर्वांगीण विकास किया जाता है। इन छात्र एवं छात्राओं को मुख्य अतिथि रहे पनियरा विधानसभा के विधायक ज्ञानेन्द्र सिंह जी के द्वारा पुरस्कृत किया गया और उन्हें ऐसे ही आगे बढ़नें का आशीर्वाद दिया गया। बच्चों के विभिन्न नवाचार विज्ञान मॉडल देखकर उन्होनें कहा कि भारत विकासशील से विकसित देशों की श्रेणी में तकनीकी क्षेत्र में अच्छा करनें के उपरांत ही बन सकता है। इसके लिये यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा हर सम्भव प्रयास किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में जिला विज्ञान क्लब के पूर्व समन्वयक विमल कुमार पांडेय और विज्ञान क्लब के रोहित गुप्ता नें भी छात्र एवं छात्राओं को शुभकामनायें दी। संस्था के डायरेक्टर राजन जायसवाल नें बताया कि इस संस्था में छात्र एवं छात्राओं को कक्षा के विषयों के साथ साथ प्रतियोगी परीक्षाओं और विज्ञान को प्रायोगिक तरीके से पढ़ाया जाता है जिसका परिणाम ये रहा कि इस संस्था के बच्चों नें इस जिला स्तरीय दोनों प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। संस्था के डायरेक्टर पंकज जायसवाल नें भी छात्राओं को बधाई देते हुये उज्जवल भविष्य की कामना किया। इस अवसर पर अभिषेक पटेल, राजेश कुमार सिंह, सौरभ वर्मा,अरुण जायसवाल, सुधांशु कुमार, अभिषेक तिवारी, नागेन्द्र, नीरज आदि सभी अध्यापकों नें खुशी जाहिर किया और छात्र एवं छात्राओं को बधाई दिये।

## वरिष्ठ समाजसेवी अहद खान ने नगर में दौड़ाया गेंहू कटाई के लिए फ्री कम्पाइन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनौली,महराजगंज। आदर्श नगर पंचायत सोनौली के सभी 14 वार्डो में






किसानों को लाभ देने के लिए नगर के भावी चेयरमैन प्रत्याशी ने खोला अपना पिटारा, जानकारी के लिए बताते चले कि, रवि की फसल के कटाई को लेकर किसानों की हितों को देखते हुवे सोनौली नगर पंचायत के एक प्रत्याशी द्वारा गेंहू कटाई के लिए कम्पाइन फ्री कर दिया है। मिली खबर के मुताबिक बताया जा रहा है कि, गेंहू कटाई के लिए चेयरमैन प्रत्याशी अहद खान ने नगर के 14 वार्डो के किसानों को फ्री कम्पाइन कर दिया है, बताते चले कि, चेयरमैन प्रत्याशी अहद खान नव गेंहू की बुवाई के लिए खेत जोताई भी पहले ही फ्री कर चुके है। इसी क्रम में अब इस बार गेंहू की फसल कटाई को लेकर कम्पाइन फ्री कर दिया गया है, बताया जा रहा है कि, पहले की तरह ष्तेल डालो ट्रैक्टर ले जाओ की तर्ज पर सिर्फ तेल डालो कम्पाइन ले जाओ अहद खान के इस नेक एवं दरियादिली कार्य को लेकर स्थानीय किसानों ने खुशी जाहिर करते हुवे उन्हें बधाई दी। इस सम्बंध में पत्रकारों ने चेयरमैन प्रत्याशी अहद खान से बात की तो उन्होंने कहा कि, किसानों की समस्याओं को देखते हुवे हमारे द्वारा गेंहू कटाई के लिए कम्पाइन फ्री कर दिया गया है, वही जरूरतमंद किसान हमारे हेल्पलाइन 9129905786, 9519342751 नम्बरों पर सम्पर्क कर अपने फसल की कटाई के लिए सिर्फ तेल पर कम्पाइन से गेहूं कटाई का लाभ उठा सकते है।

## छात्रा का नौवीं कक्षा में प्रवेश के लिए नवोदय विद्यालय में हुआ चयन, किया गया सम्मानित

दैनिक बुद्ध का सन्देश

भिटौली,महराजगंज। विकास खण्ड परतावल के धर्मपुर चौराहा स्थित द होप क्लासेज की छात्रा कुदुशिया खातून पुत्री सईद अख्तर रोल नंबर



245957 का चयन कक्षा 9 में प्रवेश हेतु जवाहर नवोदय विद्यालय महराजगंज में हुआ है। इस बात की जानकारी संस्था के डायरेक्टर ई० राजन जायसवाल ने दी। उन्होनें छात्रा को बधाई देते हुये बताया कि छात्रा नें जो मेहनत किया उसका सुखद परिणाम रहा। इस परीक्षा के लिये छात्रा द्वारा किया गया मेहनत रंग लाया। उन्होनें बताया कि इस वर्ष केवल एक छात्रा नें इसका तैयारी किया था और इस फॉर्म को भरा था। संस्था के डायरेक्टर पंकज जायसवाल नें भी छात्रा को बधाई देते हुये उज्जवल भविष्य की कामना किया और बताया कि अगले वर्ष के लिये भी इसकी तैयारी 15 अप्रैल,2023 से करायी जायेगी। इसके लिये टेस्ट प्रक्रिया एवं प्रवेश प्रारम्भ है। इच्छुक अभ्यर्थी संस्था में आकर सम्पर्क करें। इस अवसर पर अभिषेक पटेल, राजेश कुमार सिंह, सौरभ वर्मा, सुधांशु कुमार, अभिषेक तिवारी, नागेन्द्र, नीरज आदि अध्यापक उपस्थित रहे और छात्रा को बधाई दिये।

# एक दुसरे के काम आवे, भगवान का भजन करें: जयगुरुदेव धर्म प्रचारक

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था, मथुरा के अध्यक्ष एवं जग विख्यात परम सन्त बाबा जयगरुदेव जी महाराज के उत्तराधिकारी पूज्य पंकज जी महाराज की अगुवाई में 14 मार्च से मथुरा आश्रम से चल रही 33 दिवसीय शाकाहार–सदाचार, मद्यनिषेध आध्यात्मिक वैचारिक जनजागरण यात्रा वर्तमान में सोनभद्र जिले के सभी ब्लाकों में अपना अच्छे समाज के निर्माण का संदेश देती हुई कल सायंकाल अपने 16वें पड़ाव पर ग्राम असनहर पहुंची तो भारी संख्या में स्थानीय भाई–बहनों ने गाजे–बाजे के साथ पूरे यात्रा का भावपूर्ण स्वागत किया। आज यहां सत्संग समारोह का आयोजन हुआ। अवधू सिंह यादव अध्यक्ष सोनभद्र, मदन गोपाल ब्लाक अध्यक्ष, आर. के यादव, डा. अवध बिहारी अवध, राम प्यारे, डा. शंकर विश्वास, श्याम कार्तिक, सत्यनारायण विश्वकर्मा, वासुदेव कुशवाहा, अन्तू जी, शिवनारायण गुप्ता तथा सहयोगी संगत लखनऊ के अध्यक्ष बाबूलाल रावत आदि ने मंच पर पुष्पहार भेंटकर महाराज जी का स्वागत किया। अपने सत्संग सम्बोधन में पूज्य पंकज जी महाराज ने कहा कि यह सत्संग है। जब पिछले जन्मों के पुण्य उदय होते हैं और महात्माओं की दया होती है तभी यह मनुष्य शरीर और सत्संग मिलता है। सत्संग से ही विवेक जागता है कि हम कौन हैं? कहां से आये? और मरने के बाद हमें कहां जाना है? हमारे रिश्तेदार–नातेदार कहां जायेंगे। कैसे हमारी जीवात्मा का कल्याण होगा? इन सभी प्रश्नों की जानकारी आपको सत्संग से ही मिलेगी। अरे नर–नारियों! जब हम लोग इस संसार में पैदा हुये न कोई जाति या बिरादरी लेके आये न कोई कौम मजहब लेके आये। सिर्फ नंगे रोते हुये हम लोग इस संसार से पैदा हो गये। बाद में जो अजार उस परमात्मा ने बक्शे मन, बुद्धि और चित्त, उससे जब हमारे अन्दर चेतना हो गई तब हमारा नाम पड़ गया। कर्म के अनुसार हमारी जाति बन गई। धीरे–धीरे हमारा फैलाव दुनियां में होता चला गया। हमने बाल–बच्चे बना लिये, हमने रिश्ते नातेदार बना लिये। हमने जमीन जायदाद हासिल कर लिये। लेकिन श्वांसों की पूंजी एक निश्चित समय के लिये मिली है समय पूरा होते ही यमदूत आयेंगे और इस शरीर से जीवात्मा को निकाल कर अलग कर देंगे। उस समय न जमीन जायदाद काम आयेगी, न जाति बिरादरी काम आयेगी। यह शरीर आपका गिर जायेगा। जीवात्मा के निकलते ही यह शरीर आपका माटी का पुतला रह जायेगा। कोई भी सगा सम्बन्ध



ी अब आपकी इस शरीर को 24 घण्टे भी घर में रखने को तैयार नहीं होगा। इसलिये महात्मा आपको समझाते हैं कि समय रहते किसी जीते जागते सन्त महात्मा की खोज करके उनसे भजन का रास्ता लेकर 24 घण्टे में घण्टा दो घण्टा भजन कर लो। यही भजन आपको नर्कों चौरासी की सजाओं से बचायेगा। इस कलयुग में साधना के 'तीन सार उन बरने और साधन सब थोथे जान 'रामचरित मानस में भी मिलता है कि कलयुग योग यज्ञ नहिं ज्ञाना, एक अधार नाम गुण गाना।'कलयुग में कलयुग की साधना (सुरत शब्द योग) के द्वारा ही जीवात्मा की संभाल संभव है। पिछले सन्तों कबीरदास, नानक जी, रविदास, पलटूदास, जगजीवन दास, मीराबाई, सहजोबाई ने इसी साधना से अपनी आत्मा को जगाकर परमात्मा से मिलाया और इसी साधना का भेद जीवों को भी दिया। हमारे गुरु महाराज बाबा जयगुरुदेव जी महाराज ने इसी रास्ते का भेद देकर करोड़ो लोगों का व्यसन छुध्ड़ाकर सत्मार्ग पर लगा दिया। आज भी लोग उस भजन को करोड़ो की संख्या में कर रहे हैं। पूज्य पंकज जी महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को सुमिरन, ध्यान, भजन का रास्ता बताया और नित्य प्रति दोनों समय भजन करने की अपील किया। संस्थाध्यक्ष ने वर्तमान में देश में बढ़ती हुई हिंसा, अपराध पर भी अपनी गहरी चिन्ता व्यक्त करते हुये कहा कि आज का युवा अशुद्ध आहार (मांसाहार) के बढ़ते चलन और नशीले पदार्थों की गिरफ्त में फंसता चला जा रहा है। इसी के कारण घर बंट गये, परिवार बंट गया, समाज बंट गया और तो और अरे ! मां, बाप को भी बांट दिया कि 15 दिन हम खाना देंगे और बाद में तुम इनको लेकर चले जाना। इसलिये आप लोग अच्छा समाज बनाने के लिये सभी लोग परस्पर मिल–जुल कर रहें, एक–दूसरे के काम आवें और सुबह–शाम प्रभु का भजन करें। तभी ऊपर से भी दया होगी और एक अच्छे समाज का निर्माण हो सकेगा। लेकिन इसके लिये अशुद्ध आहार व शराब जैसे नशीले पदार्थों को त्यागना होगा। उन्होंने आगामी 17 से 21 मई तक जयगुरुदेव आश्रम मथुरा में होने वाले अपने गुरु महाराज परम संत बाबा जयगुरुदेव जी के ग्यारहवें पावन भण्डारा पर्व पर पधारने का निमन्त्रण दिया तथा बताया कि मथुरा में वरदानी जयगुरुदेव मन्दिर बना है जहां बुराईयां चढ़ाने पर मनोकामना की पूर्ति होती है। जिला–इटावा में तह. भरथना के गांव खितौरा धाम में बाबा जी की पावन जन्मभूमि है यहां पर भी भव्य वरदानी मन्दिर बना है। यहां सभी सम्प्रदायों के लोग आते हैं। इस अवसर पर बाबा राजाराम, अनंग पाल यादव, काशी यादव, सुभाष यादव, किशन पाल कश्यप, सुनील भण्डारी तथा सहयोगी संगत लखनऊ के महिला संगठन की संगीता देवी, गीता देवी, सुभद्रा देवी, किसनमती, मिठाना देवी आदि के साथ संस्था के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। शांति और सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस प्रशासन ने सहयोग किया।

## निकाय चुनाव को लेकर बसपा की जिला स्तरीय बैठक संम्पन्न

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। बहुजन समाज पार्टी जनपद सिद्धार्थनगर की जिला स्तरीय बैठक बाँसी मे किया गया जिसमें निकाय चुनावों को



लेकर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक मे मुख्य अतिथि भारत लाल निषाद मुख्य जोन इंचार्ज बस्ती मंडल बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजकुमार आर्य व संचालन जिला उपाध्यक्ष शमीम अहमद ने किया बैठक को संबोधित करते भारत लाल निषाद ने कहा की बहन के निर्देश पर मंडल जोन इंचार्ज, गण जिला कमेटी ,विधानसभा कमेटी के लोग मिल कर नगर पंचायत व नगर पालिका के गठन करेंगे 20 अप्रैल के पहले सभी लोग मिलकर बूथों की कमेटी बनाले बैठक को मंडल जोन इंचार्ज दिनेश चंद्र गौतम ने कहा कि हम सब मिलकर हर वार्ड में बूथों की कमेटी के साथ 20 लोगों की सूची तैयार करेंगे जिस मे 10 महिला व 10 पुरुष होंगे जो चुनाव में पार्टी प्रत्याशी को अपने अपने वार्ड मे जिताने के लिए प्रचार अभियान में सहयोग करे बैठक मे राजकुमार आर्य ने कहा कि सभी जिम्मेदार साथी जिस दिन जिस नगर पंचायत मे बूथों का गठन किया जाना है वहा समय से पहुच कर काम करे जिससे पार्टी प्रत्याशी को जिताया जा सके बैठक को मुनीराम राजभर रमेश कुमार गौतम शमीम अहमद ने भी सम्बोधित किया। इस दौरान घनश्याम शर्मा, महताब अहमद, इंद्रजीत गौतम ,चन्द्रीका गौतम, विनोद कुमार राव, रामपाल गौतम, अंगदराज गौतम, विरेंद्र कुमार गौतम, चंद्रबहाल गौतम, रामगति वरुण, अशीस गौतम, अब्दुल सलाम, वसीम अहमद, अशोक कुमार बौद्ध, डा. शीस कुमार बौद्ध, विजयपाल कनौजिया, सिद्धार्थ गौतम, मो. कैफ, राम नयन आनन्द, रामविलास वरुण, विभूति निषाद, राअचल गौतम, रतनसागर, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## श्रीराम जन्मोत्सव कार्यक्रम का भव्य तरीके से किया गया आयोजन

### मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए सिक्कीम के राज्य पाल

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। श्रीराम जन्मोत्सव का आयोजन आज होटल अरिहन्त रावर्टसगंज के परिसर में शहीद उद्यान ट्रस्ट द्वारा किया गया इस अवसर पर सिक्किम राज्य के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य जी मुख्य अतिथि के रूप में सम्मलित हुये इस दौरान राज्यपाल महोदय ने प्रभू श्रीराम भगवान के आदर्श जीवन पर लगायी गयी छाया चित्र प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन किया इसके पश्चात राज्यपाल महोदय भगवान प्रभु श्रीराम जी के जन्मोत्सव में सम्मलित हुए भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के समय ''भय प्रगट कृपाला दीन दयाला कौशिल्या हित कारी'की आरती राज्यपाल महोदय द्वारा की गयी इस दौरान राज्यपाल महोदय ने अपने सम्बोधन के दौरान कहा कि भगवना प्रभु श्रीराम जी के जन्मोत्सव में सम्मलित होकर अपने को गौरवानित महसूस कर रहा हूँ उन्होने कहा कि भगवान प्रभू श्रीराम जी का ' जो शील है और विनय है, भगवान श्रीराम जी का जो धैर्य है लोग कहते है कि भगवान श्रीराम जी का धैर्य हिमालय जैसा है और समुन्द्र जैसा ही शान्त चित है भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव में जब हम भागीदारी करते है तो प्रभू का अवतार किस लिए



समय–समय पर विभिन्न रूपों हुआ इस बात की चर्चा करते है भगवान ने मय–समय पर विभिन्न रूपों में अवतार लेकर समाज को एक सुखद जीवन जीने के आदर्श को बताया है मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम जी का जीवन चरित्र एक आदर्श चरित्र है। इस दौरान उन्होने सिक्किम राज्य के विषय पर चर्चा करते हुए कहा कि सिक्किम राज्य बहुत ही सुन्दर राज्य है जिसमें अनेक पर्यटन स्थल है, कानून व्यवस्था बेहतर है और भ्रष्टाचार भी नहीं है और लोगों में आपसी समांजस्य भी बेहतर है। इस दौरान राज्यपाल महोदय ने सोनभद्र में प्रभु श्रीराम के सन्दर्भ पर आधारित पुस्तिका का विमोचन भी किया जिसके लेखक विजय शंकर चतुर्वेदी है, इस दौरान पद्मविभूषण से सम्मानित छंन्नूलाल मिश्र ने होली खेले मसाने में सोहर गीत की सुन्दर व मन मोहक प्रस्तुति की, इसी दौरान पद्म अजिता श्रीवास्तव ने सोहर गीत की सुन्दर प्रस्तुति की, प्रोफेसर नम्रता ने बधाई गीत की प्रस्तुति की। इस दौरान राज्यपाल महोदय को इन्डोनेशिया से मंगाई गयी श्रीराम की मूर्ति भेंट की गयी। इस दौरान सबही प्रिय राम विषय पर काशी प्रान्त के प्रान्त प्रचारक रमेश ने भी सम्बोधन किया, विश्व हिन्दू परिषद के केन्द्रीय सह मंत्री अम्बरीश ने भी उद्बोधन किया इस दौरान आदिवासी कलाकारों द्वारा करमा नृत्य की सुन्दर प्रस्तुति की गयी। इस दौरान सदर विधायक भूपेश चौबे, विधायक घोरावल डॉ0 अनिल कुमार मौर्य, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे, अपर जिलाधिकारी वि0ध्रा0 सहदेव कुमार मिश्र, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, उप जिलाधिकारी सदर शैलेन्द्र कुमार मिश्र,उप जिलाधिकारी घोरावल रमेश कुमार सहित सम्मानित जन प्रतिनिधगण व अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## ई–रिक्शा और बाइक के टक्कर में तीन लोग घायल

दैनिक बुद्ध का सन्देश

उसका,बाजार/सिद्धार्थनगर। उसका राजा और बृजमनगंज के मार्ग पर गुरुवार को देर शाम में ई रिक्शा और बाइक में आमने सामने टक्कर हो गई जिसमे तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सड़क दुर्घटना में ई रिक्शा और बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया जिसमे से बाइक सवार और ई रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया । स्थानीय लोग जैसे ही दुर्घटना देखते है तो तत्काल 112 डायल कर पुलिस को सूचना देती है जिसके बाद पीआरवी 112 पहुंचकर घायल लोगो को आनन फानन में मेडिकल कॉलेज सिद्धार्थनगर पहुंचाया गया। थाना प्रभारी दिनेश सरोज ने बताया कि ई रिक्शा और बाइक में टक्कर हुई थी जिसके बाद घायलों को अस्पताल भेजवाए गया और ई रिक्शा और बाइक दोनो थाने पर खड़ी की गई है।

## डीजे बजाने के दौरान हुई मारपीट में घायल व्यक्ति की मौत

महराजगंज। भिटौली थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर खास में मार्च में डीजे बजाने को लेकर मारपीट में घायल एक वृद्ध की सुबह मौत हो गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार लोगों का चालान कर दिया। गांव में प्रत्येक हलचल पर पुलिस की नजर है। भिटौली थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर खास में बीते 18 मार्च को डीजे बजाने को लेकर अली हुसैन व लायक अली के बीच विवाद हो गया। लायक अली के घर डीजे बजाया जा रहा था। जिसे अली हुसैन ने बंद करने के लिए कहा। उनकी बात को अनसुना कर आवाज तेज कर दी गई। काफी देर तक डीजे बंद नहीं हुआ तो दोनों पक्षों के बीच मारपीट हो गई। मारपीट में अली हुसैन (45), उनकी पत्नी तशरीकुन निशा (43), सज्जाद (60), अकरम (28) घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल सज्जाद का लखनऊ में इलाज चल रहा था। शाम को इलाज कराकर सज्जाद आए और भोर में लगभग दो बजे उनकी मौत हो गई। क्षेत्राधिकारी सदर अजय सिंह चौहान ने पुलिस टीम के साथ गांव में पहुंच कर स्थिति के बारे में जानकारी ली। सज्जाद के परिजनों का रो–रो कर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष सुनील राय ने बताया कि लायक अली, एजाजुद्दीन को गिरफ्तार कर लिया गया है। वसीम व मैनुद्दीन को दोपहर में गिरफ्तार कर कोर्ट में प्रस्तुत करते हुए चालान कर दिया गया है। गांव में प्रत्येक हलचल पर नजर रखी जा रही है। माहौल शांतिपूर्ण है।

### डीजे बजने पर पहले भी हो चुके हैं बवाल

महराजगंज। जिले में डीजे बजने पर पहले भी बवाल हो चुके हैं। इसके बाद भी पुलिस गंभीर नहीं हो रही है। डीजे की तेज आवाज से परेशान लोग मारपीट कर लेते हैं। 20 मार्च 2022 को जिले के पुरंदरपुर थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत सोहरवालिया कला में होली पर्व पर डीजे बजाया जा रहा था। इसका कुछ लोगों ने विरोध किया। इसे लेकर मामले ने तूल पकड़ लिया और देखते ही दो पक्षों में मारपीट हो गई। इसमें चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दो पक्षों में मारपीट, 14 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। 19 फरवरी 2023 को निचलौल थाना क्षेत्र के ओबरी गांव में विवाह समारोह में वर और वधू पक्ष के लोगों के बीच डीजे को लेकर विवाद हो गया था। वर पक्ष के 12 लोग गंभीर घायल हो गए थे। निचलौल पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। दो साल में डीजे बजने की इन दोनों घटनाओं से पुलिस ने सबक नहीं लिया। इससे एक बार फिर डीजे बजना एक व्यक्ति के लिए काल बन गया। लोगों का कहना है कि डीजे की तेज आवाज से समस्या होती है।

## फर्जी प्रदूषण प्रमाण पत्र बनवाकर खुद को भी डाल रहे खतरे में

महराजगंज। जिले में फर्जी प्रदूषण प्रमाणपत्र बनाए जा रहे हैं। फर्जी प्रमाणपत्र बनवाकर लोग खुद को भी खतरे में डाल रहे हैं। लोग नियमों की धज्जियां तो उड़ा ही रहे हैं, स्वयं को बीमार भी बना रहे हैं। धुआं उगलते वाहनों पर लगाम न कसने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जांच के नाम पर कभी–कभी कार्रवाई कर विभाग के अधिकारी खामोश हो जाते हैं। जिले में 3,70,356 वाहन पंजीकृत हैं। सामान ढोने वाले वाहन 2,361 हैं। सामान ढोने वाले हल्के वाहन 2,754 पंजीकृत हैं। 759 बस सवारी ढोने वाली पंजीकृत है। 877 स्कूल बसें पंजीकृत हैं। टैक्सी 747, हल्के यात्री वाहन 3,295 पंजीकृत हैं। स्कूटर 2,328, मोपेड 8,082 के अलावा मोटरसाइकिल 3,27,724 पंजीकृत हैं। कार 6,915, जीप 4,344 पंजीकृत हैं। ट्रैक्टर 24,197 पंजीकृत हैं। जिले में पंजीकृत वाहनों में प्रदूषण प्रमाणपत्र कितने वाहनों के हैं। इसके बारे में विभाग को जानकारी नहीं है। प्रत्येक माह औसतन 4,312 वाहनों का प्रदूषण प्रमाणपत्र बनने का दावा किया जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि प्रदूषण जांच केंद्रों पर गाड़ी का फोटो लाकर देने पर भी प्रमाणपत्र बन जाता है।

## माँ के जयकारे के साथ नौ दिवसीय अखंड श्री हरिकीर्तन व विशाल भण्डारे का हुआ समापन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। करमा ब्लाक के सरौली ग्राम पंचायत के राजस्व



ग्राम अतरौली राजा व परही के सयुक्त प्रयास से शीतला माता के धाम पर विगत 18 वर्षो से चल रहे नौ दिवशीय अखण्ड श्री हरिकीर्तन व विशाल भण्डारे का समापन माता के पूजन अर्चन हवन आरती के पश्चात समाप्त हुआ। वही सोनाँचल उत्थान एवं विधिक सेवा ट्रस्ट के संस्थापक मनोज कुमार दीक्षित व व्यवस्थापक नितीश कुमार पटेल ने बताया की नवरात्रि के प्रथम दिवस ग्रामीणों द्वारा अपना अपना कलश स्थापित कर माँ शैलपुत्री भगवती का पूजन करके नौ दिवशीय अखंड श्री हरिकीर्तन अनुष्ठान प्रारभ किया जाता है। जिसमे ग्रामीणों के सहयोग से नौ दिन तक अखण्ड भण्डारा भी चलता रहता है। नवरात्रि के अंतिम दिन मंदिर की परिक्रमा करने के बाद सभी यजमान गण अपने अपने कलश को लेकर माँ शायर माता के मंदिर से होते हुए माँ भवानी माता के मंदिर से होते हुए शिवालय के परिक्रमा उपरांत ये यात्रा डीहबाबा के धाम पर जाकर समाप्त होती है। श्री हरिकीर्तन के अनुष्ठान मे जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से भक्तगण आकर नौ दिन के हरे राम हरे कृष्ण नाम जप हरिकीर्तन को सफल बनाने मे सहयोग करते है। वही आचार्य की भूमिका मे हिमांशु मिश्रा नजर आए।मंदिर के पूजारी शंकर महराज के द्वारा आए हुए सभी भक्तगणो के प्रति आभार जताया गया। उक्त अवसर पर यजमान कल्लू यादव सपत्निक, शिवकुमार सपत्निक, चंद्रभान सपत्निक,अनिल पटेल, अजित पटेल, अंगद यादव, वीरेंद्र पटेल, गोपाल यादव, मटूकधारी भारती,चन्द्रिका भारती,पुष्पा चंदा लक्ष्मीना सहित सैकड़ो भक्त उपस्थित रहे।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:- 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:- 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:- 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:- 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:- 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:- 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:- 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:- 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:- 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:- 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:- 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:- 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:- 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:- 9454404244 |

राष्ट्रीय दैनिक बुद्ध का संदेश

| | |
|---|---|
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:- 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:- 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:- 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:- 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:- 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:- 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:- 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:- 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:- 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:- 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:- 9454404891 |

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458
संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा
9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# गर्मी में रोज केला खाएं, इन 5 बीमारियों को दूर भगाएं, सेहत को फायदे ही फायदे



गर्मी का मौसम आ गया है. अब सेहत का विशेष ख्याल रखने की आवश्यकता है. ऐसे में खानपान का रोल बढ़ जाता है. ऐसी चीजों का ज्यादा सेवन करना चाहिए जो बॉडी को हाइड्रेटेड रखें और आपको हेल्दी...गर्मी में फलों का सेवन भी किया जाता है. अगर आप भी इस मौसम में खुद को हेल्दी रखना चाहते हैं तो रोजाना की डाइट में केले को शामिल कर लें. यह सेहत को गजब का फायदा पहुंचाता है. स्किन पर तो यह कमाल का असर दिखाता है. अगर आपके खानपान में केला शामिल है तो आप ऊर्जा से भरपूर रहेंगे. आइए जानते हैं गर्मी में केला खाने के फायदे..

एनर्जी का पॉवर हाउस है केलाः केला एनर्जी का पावरहाउस है. यह कार्बोहाइड्रेट का शानदार सोर्स है। अगर आप केला खाते हैं तो आपकी बॉडी को इंस्टेंट एनर्जी मिलती है. इसे खाने से आप दिनभर ऊर्जा से भरे रहते हैं. सुबह ऑफिस या कॉलेज जाते वक्त केला खाने से दिनभर आप एनर्जेटिक बने रहते हैं. स्ट्रेस भगाए, करे टेंशन फ्रीः स्ट्रेस में केला काफी फायदेमंद होता है. इसमें ट्रिप्टोफैन नाम का तत्व पाया जाता है. यह शरीर में सेरोटोनिन बनाने का काम करता है। स्ट्रेस को कम करने में सेरोटोनिन काफी काम आता है. मतलब अगर आप केला खाते हैं तो स्ट्रेस आपके पास भी नहीं फटकता है. दिल को रखता है दुरुस्तः हार्ट की समस्याओं से बचना चाहते हैं तो हर दिन केले का सेवन करें. इसमें पोटैशियम की मात्रा भरपूर पाई जाती है. यह हार्ट को सही तरीके से काम करने में हेल्प करता है. केले में विटामिन बी 6 की भी प्रचुरता होती है. यह भी हार्ट के लिए फायदेमंद होता है.

चेहरा चमकदार बनाएः अगर आप स्किन से जुड़ी समस्याओं से जूझ रहे हैं तो केला काफी फायदेमंद होता है. यह आपकी स्किन की समस्या से छुटकारा दिला सकता है. केला खाने से चेहरा चमकदार बनता है और स्किन खिली–खिली बनती है.

डाइजेशन की समस्या करे दूरः केला खाने से पाचन की समस्याएं दूर हो सकती है. अगर आप कब्ज, एसिडिटी और अपच जैसी समस्याओं से जूझ रही है तो केला खाना फायदेमंद हो सकता है.

# टूथ परी : वेन लव बाइट्स में डेंटिस्ट की भूमिका निभाएंगे शांतनु माहेश्वरी



गंगूबाई काठियावाड़ी में अपने काम के लिए सराहना पाने वाले डांसर से अभिनेता बने शांतनु माहेश्वरी जल्द ही अपकमिंग स्ट्रीमिंग सीरीज टूथ परीरू वेन लव बाइट्स में एक डेंटिस्ट की भूमिका निभाते नजर आएंगे। सीरीज वैम्पायर और मनुष्य दोनों के बीच एक लव स्टोरी हैं। कहानी में रूमी (तान्या मानिकतला द्वारा अभिनीत) एक वैम्पायर है, जिसका शिकार के दौरान उसका एक दांत टूट जाता है, वह रॉय, जो डेंटिस्ट है, के पास आती है। यह उनकी पहली मुलाकात होती है। सीरीज की शूटिंग कोलकाता में हुई है। इसमें रोमांस, रहस्य, सस्पेंस आदि का तड़का है। इसके अलावा, इस थ्रिलर सीरीज में सिकंदर खेर, आदिल हुसैन, रेवती, सास्वता चटर्जी और तिलोत्तमा शोम भी दिखाई देंगे। एंडेमोल शाइन इंडिया द्वारा निर्मित, प्रतिम दासगुप्ता द्वारा निर्देशित, टूथ परीरू वेन लव बाइट्स ओटीटी दिग्गज नेटफ्लिक्स पर 20 अप्रैल, 2023 को रिलीज होगी।

## कार्तिक आर्यन के साथ आशिकी जैसी लव स्टोरी में काम करना चाहती हैं राशि खन्ना

एक्ट्रेस राशि खन्ना ने एक्टर कार्तिक आर्यन के साथ श्आशिकीय जैसी लव स्टोरी में काम करने की इच्छा जताई है। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान राशि ने कार्तिक के बारे में बात करते हुए



कहा, मुझे लगता है कि उनके साथ मैं एक इंटेंस लव स्टोरी करना चाहूंगी, कॉमेडी फन जॉनर की तरह की फिल्म नहीं बल्कि आशिकी जैसी इंटेंस फिल्म की तरह। मुझे लगता है कि वह फिल्म बहुत अच्छी होगी क्योंकि मुझे रोमांटिक फिल्में पसंद हैं। मैंने एक फिल्म की थी, जिसे दर्शकों ने बहुत पसंद किया था इसलिए मुझे कार्तिक के साथ लव स्टोरी जैसी फिल्मों में काम करना है, शायद ऐसी ही कोई फिल्म हो। वर्कफ्रंट की बात करें तो, कार्तिक के पास सत्यप्रेम की कथा, आशिकी 3, और कबीर खान की अगली फिल्म के साथ अन्य फिल्में लाइन में है।






# यामी गौतम की चोर निकल के भागा नेटफ्लिक्स की टॉप–3 की सूची में शामिल



यामी गौतम मौजूदा वक्त में चोर निकल के भागा को लेकर चर्चा में हैं। 24 मार्च को यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर दस्तक दे चुकी है और इसे दर्शकों द्वारा खूब प्यार मिल रहा है। इसमें यामी संग अभिनेता सनी कौशल मुख्य भूमिका में नजर आ रहे हैं और अजय सिंह इसके निर्देशक हैं। इस थ्रिलर फिल्म को दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। दर्शकों को फिल्म में यामी गौतम का अभिनय पसन्द आया है। साथ ही उन्होंने अभिनेता सनी कौशल की भी तारीफ की है। सनी कौशल ने इस फिल्म में ग्रे शेड में नायक की भूमिका निभाई है। गौरतलब है कि पिछले दो सालों से यामी गौतम की सभी फिल्मों का प्रदर्शन ओटीटी प्लेटफार्म पर हो रहा है। दिनेश विजान द्वारा निर्मित चोर निकल के भाग से पहले भी यामी गौतम की ए थ्रसडे, दसवीं और लॉस्ट का प्रदर्शन ओटीटी पर हुआ था। इन सभी फिल्मों को दर्शकों ने भारी तादाद में पसन्द किया था। अब यामी अपनी हालिया रिलीज चोर निकल के भागा के लिए तारीफे हासिल कर रही हैं। इस फिल्म को देश से बाहर भी लोग पसंद कर रहे हैं और भारत और अमेरिका में टॉप पर ट्रेंड कर रही है। अब जानकारी आई है कि केवल 3 तीनों में चोर निकल के भागा नेटफ्लिक्स की टॉप–3 की सूची में शामिल हो गई है। सोशल मीडिया पर यामी को काफी पॉजिटिव कमेंट्स मिल रहे हैं, और अभिनेत्री वास्तव में सभी से मिल रही शानदार प्रतिक्रिया से अभिभूत हैं। चोर निकल के भागा को मिल रही प्रतिक्रिया के बारे में अपना उत्साह साझा करते हुए, यामी ने कहा, चोर निकल के भागा और मेरे किरदार को मिली प्रतिक्रिया कम से कम कहने के लिए संतुष्टिदायक रही है। मेरे कई दोस्त और परिवार जो भारत से बाहर रह रहे हैं, उन्होंने भी टेक्स्ट किया है और फिल्म के बारे में अच्छी बातें कही हैं। और सबसे अहम बात यह है कि जिस तरह से दर्शक और मेरे फैन्स नेहा और फिल्म को इतना प्यार दे रहे हैं.. यह अवास्तविक लगता है, रिलीज के बाद से मेरा फोन बजना बंद नहीं हुआ है।

यह फिल्म सिर्फ भारत और यूएस में ही नहीं टॉप पर ट्रेंड हो रही है, बल्कि इजराइल में भी नंबर 2 पोजीशन पर है, जो एक हिंदी फिल्म के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

अपने विदेशी फैन से तारीफ के शब्द सुनकर यामी ने भी अपनी प्रतिक्रिया सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए लिखा–आपके प्यार और इसे साझा करने के लिए बहुत बहुत धन्यवाद. . . . यह मेरे लिए भी बहुत मायने रखता है. . . यामी ने आगे कहा, मैं सोशल मीडिया पर जितना हो सके उतने मैसेज और प्रतिक्रियाएं पढने की कोशिश कर रही हूं, जो लोग फिल्म के लिए डाल रहे हैं और मैं ये सब पढकर वास्तव में बहुत खुश और प्रेरित महसूस कर रही हूं। मुझे खुशी है कि प्रशंसकों ने मुझ पर जो विश्वास जताया है, उसके साथ न्याय कर सकी.. वह आगे कहती हैं, आपके दर्शकों को आपकी पसंद के साथ खड़े देखना बेहद संतोषजनक है, और मुझे उम्मीद है कि मैं इसे जारी रखूंगी। मुझे लगता है कि मुझ पर एक निश्चित जिम्मेदारी है, क्योंकि दर्शकों से एक निश्चित स्तर की उम्मीदें तब आती हैं जब यह मेरी फिल्मों और मेरे काम की पसंद की बात आती है, और यह विचार मुझे हमेशा खुश करेगा और मुझे अपने काम में बेहतर होने के लिए प्रेरित करेगा। वहीं आने वाले समय में यामी प्रतीक गांधी के साथ ध ूम धाम और अक्षय कुमार के साथ ओएमजी 2 में दिखाई देंगी।

# खाने के तुरंत बाद क्यों हो जाती है उल्टी? कहीं कोई बड़ी बीमारी तो दस्तक नहीं देने वाली है, यहां जानें



कई बार खाना खाने के तुरंत बाद उल्टी की समस्या होती है. कुछ लोगों में तो यह समस्या अक्सर होती रहती है. प्रेगनेंसी के अलावा खाने के बाद उल्टी आना सामान्य बात नहीं है. खाना खाने के तुरंत बाद उल्टी आना या उल्टी का मन करना खतरनाक होता है. बार–बा ऐसा होने पर किसी बीमारी का संकेत भी हो सकता है. आइए जानते हैं ऐसी कौन–कौन सी बीमारियां हैं, जिनमें खाने के बाद उल्टी आती है...

डाइजेस्टिव सिस्टम कमजोर होना

अगर खाना खाने के तुरंत बाद उल्टी का मन कर रहा है तो इसका मतलब यह है कि भोजन अपनी गति से आगे नहीं बढ़ रहा है. ऐसे में एसिड रिफ्लक्स हो सकता है और खाने के बाद उल्टी की समस्या होने लगती है. ऐसा होने पर समझ जाना चाहिए कि पाचन शक्ति अच्छी नहीं है.

पीलिया की वजह से

अगर खाने के बाद उल्टी की समस्या है तो यह पीलिया यानी जॉइंडिस का कारण भी हो सकता है. जॉइंडिस में पाचन शक्ति कमजोर हो जाती है और खाना ठीक से नहीं पच पाता है. जिससे बार–बार उल्टी की प्रॉब्लम्स हो सकती है.

एसिडिटी की समस्या

एसिडिटी की समस्या होने पर भी खाने के बाद उल्टी जैसा मन करता है.कई बार खाने में ऐसी चीजें शामिल होती हैं, जिन्हें खाने के बाद पेट में एसिड बनने लगती है और खाना खाते ही उल्टी हो सकती है.

पथरी हो सकती है वजह

लिवर, किडनी में अल्सर या पथरी जैसी समस्या होने पर उल्टी हो सकती है. ऐसे स्थिति में आप जैसे ही खाना खाते हैं, वैसे ही उल्टी हो सकती है. इसलिए खाने का ध्यान रखना ज्यादा जरूरी होता है.

खाने के बाद उल्टी की समस्या से इस तरह बचें

’तले–भुने और मसालेदार खाने से तौबा कर लें. ऐसा खाना छोड़ नहीं सकते हैं तो कम जरूर कर लें.

’खाली पेट होने पर ज्यादा खाना से बचें. एक साथ ज्यादा खाना न खाएं.

’कैफीन वाली चीजें चाय, कॉफी, कर्बोनेटिड वाटर, एनर्जी ड्रिंक के सेवन से परहेज करें.

’बहुत ज्यादा समय तक खाली पेट न रहें.

’हर 3 से 4 घंटे में कुछ न कुछ खाते रहें.

’खाना खाने के तुरंत बाद एक्सरसाइज से बचें.